रोहतक

गुरुवार, 18 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 172

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 36.7
न्यून. 28.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**पेरिस ओलंपिक**
**XXXIII ओलंपियाड**
पेरिस और इसके आसपास **35** स्थानों पर होंगे मुकाबले

- 24 से शुरू होंगे खेल, 26 को उद्घाटन, कुल 19 दिन
- कुल 329 इवेंट्स होंगे, 36 खेल शामिल, इनमें 4 नए
- 200 से अधिक समितियां और आईओसी ओलंपिक टीम के 10,500 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग
- कुश्ती में सभी छह खिलाड़ी हरियाणा के रहने वाले

**खेल मंत्रालय ने जारी की सूची, सबसे ज्यादा एथलेटिक्स में 29 खिलाड़ी देंगे चुनौती**

# पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के 24 खिलाड़ियों समेत भारत के 117 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**पिछली बार की तरह इस बार भी हरियाणा दिला सकता है सबसे अधिक पदक, टोक्यो में सूबे के 31 खिलाड़ियों ने 4 पदक कब्जाए थे**

**नई दिल्ली (भाषा)।** पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के 24 खिलाड़ियों समेत भारत के 117 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। इनके साथ सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्य भी जाएंगे। खेल मंत्रालय ने बुधवार को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सूची जारी कर दी है। खेल मंत्रालय के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था, उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है। विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। **(विशेष पैकेज खेल पेज पर)**

## नीरज, पहलवानों और निशानेबाजों से बड़ी उम्मीद



**टोक्यो में जीते थे 07 पदक** टोक्यो ओलंपिक में भारत के **119** खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिन्होंने **07** पदक जीते थे। इनमें नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत के कुल सात पदकों में से **04** हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते थे।

### प्रदेश के इन खिलाड़ियों से उम्मीद

- भाला फेंक-1 (नीरज चोपड़ा)
- कुश्ती-6 (विनेश, अंतिम पंघाल, अंशु मलिक, रितिका हुड्डा, निशा दहिया व अमन सहरावत)
- निशानेबाजी-6 (मनु भाकर, रिदम सांगवान, अनीश भानवाला, सरबजोत सिंह, -रमिता जिंदल, रेजा ढिल्लों)
- बॉक्सिंग-4 (प्रीति पंवार, जैसमीन, अमित पंघाल और निशांत देव)
- रोइंग-1 (बलराज पंवार)
- ऑर्चरी-1 (भजन कौर)
- गोल्फ-1 (दीक्षा डागर)
- एथलेटिक्स -1 (किरण पहल)
- पुरुष हॉकी-3 (अभिषेक, सुमित और संजय)

***खेल मंत्रालय का खटुआ को झटका, सूची में नाम नहीं***

### किस खेल के कितने खिलाड़ी

| खेल | खिलाड़ी |
|---|---|
| एथलेटिक्स | 29 (11 महिला, 18 पुरुष) |
| निशानेबाजी | 21 (11 महिला व 10 पुरुष खिलाड़ी) |
| हॉकी | 19 (11 महिला व 10 पुरुष खिलाड़ी) |
| टेबल टेनिस | 08 (पुरुष व महिला दोनों वर्ग में 4-4) |
| बैडमिंटन | 07 |
| कुश्ती | 06 |
| तीरंदाजी | 06 |
| मुक्केबाजी | 06 |
| गोल्फ | 04 |
| टेनिस | 03 |
| तैराकी | 02 |
| सेलिंग | 02 |
| घुड़सवारी | 01 |
| जूडो | 01 |
| रोइंग | 01 |
| भारोत्तोलन | 01 |

## खबर संक्षेप

### आदित्य बने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड चेयरमैन



**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने आदित्य देवीलाल को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। आदित्य ने पंचकूला मार्केटिंग बोर्ड के कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सदैव किसान हित में समर्पित रहा है और वे किसान हित में पहले की तरह काम करते रहेंगे। ब्यूरो

### असम में 3 उग्रवादी मारे गए, पुलिसकर्मी घायल

**सिलचर (असम)।** असम के कछार में भीषण मुठभेड़ में हमार के तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। भाषा

### नोएडा : सुप्रीम कोर्ट के वकील ने जान दी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की सोसायटी में रहने वाले उच्चतम न्यायालय के एक अधिवक्ता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाषा

### होटल में मृत मिले 6 लोगों के रक्त में 'साइनाइड'

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने उनके रक्त में 'साइनाइड' के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। 'साइनाइड' बेहद जहरीला रसायन है जिसके सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। भाषा

## सीएम नायब ने दी 'रोजगार की गांरटी', बिना ब्याज 5 लाख तक का लोन भी देंगे

- पुलिस, माइनिंग, फोरेस्ट गार्ड जेल वार्डन और एसपीओ की सीधी भर्ती में हॉरिजोंटल आरक्षण
- ग्रुप बी और सी में आयु सीमा में 3 साल की छूट भी दी जाएगी

# अब सूबे की सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को 10% कोटा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने अग्निवीरों को 'रोजगार की गारंटी' दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हरियाणा में अग्निवीरों को प्रदेश सरकार की नौकरियों क्रमशः पुलिस कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ के पदों पर सीधी भर्ती में 10 फीसदी हॉरिजोंटल आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 14 जून, 2022 को 'अग्निपथ' योजना लागू की थी। इसके तहत सेना में 4 वर्ष के लिए अग्निवीर की तैनाती की जाती है। ग्रुप-सी में सिविल पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों को 5 प्रतिशत और ग्रुप-बी में 1 प्रतिशत हॉरिजोंटल आरक्षण मिलेगा। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि अग्निवीरों को ग्रुप-बी और सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। हालांकि, अग्निवीरों के पहले बैच के मामले में आयु में यह छूट 5 वर्ष की होगी। ग्रुप-सी में सिविल पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 5 प्रतिशत होरिजोंटल आरक्षण और ग्रुप-बी में 1 प्रतिशत होरिजोंटल आरक्षण प्रदान करेगी। इससे अग्निवीरो को रोजगार की कमी नहीं होगी।

### ये भी ऐलान

- पहले बैच में आयु में 5 साल की छूट मिलेगी
- ग्रुप सी में सिविल पदों की भर्ती में 5% आरक्षण का प्रावधान
- ग्रुप-बी में 1 प्रतिशत हॉरिजोंटल आरक्षण दिया जाएगा
- अग्निवीर अपना काम शुरू करता है तो प्रदेश सरकार करेगी मदद



### अपना उद्यम शुरू करने पर लोन भी दिलवाएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि अगर अग्निवीर को किसी भी औद्योगिक इकाई द्वारा प्रतिमाह 30,000 रुपये से अधिक वेतन दिया जाता है, तो सरकार उस औद्योगिक इकाई को 60,000 रुपये वार्षिक की सब्सिडी देगी। यदि कोई अग्निवीर अपना उद्यम स्थापित करता है, तो सरकार द्वारा उसे 5 लाख तक के ऋण पर ब्याज सहायता प्रदान की जाएगी। अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर बंदूक का लाइसेंस दिया जाएगा। सरकारी विभागों/बोर्डों/निगमों में तैनाती चाहने वाले अग्निवीरों को मैट्रिक्स स्कोर में प्राथमिकता दी जाएगी।

## हिट एंड रनः अब पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा

हरियाणा में सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से अब राज्य में केंद्र सरकार की तर्ज पर नई योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हिट-एंड-रन के दुर्घटना के मामलों में पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा और मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजे के आवेदन और पीड़ितों को भुगतान की प्रक्रिया की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्कीम के तहत बीमाकृत व बीमा रहित वाहनों और हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस खर्च का वहन हरियाणा रोड सेफ्टी फंड से किया जाएगा। इस स्कीम को जिला स्तर पर उचित रूप से लागू करने के लिए एक जिला स्तरीय कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

**पीड़ित व्यक्ति को मिलेगी तुरंत सहायता, 15 दिन में होगा मुआवजे का भुगतान**

**15 दिन में मिलेगा मुआवजे**
जांच आयुक्त द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के 15 दिन के अंदर मुआवजा के भुगतान का आदेश जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद 15 दिन के अंदर मुआवजे का भुगतान कर दिया जाएगा।

## पंचकूला में स्कूल वैन पलटी, 8 बच्चे घायल

**तीन छात्र गंभीर अस्पताल में भर्ती | वैन चलाते समय फोन पर बात कर रहा था चालक**

**पंचकूला।** पंचकूला में बुधवार को स्कूली बच्चों को ले जा रही एक निजी वैन पलट गई। इस हादसे में 8 छात्रों को चोटें आई हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। 3 छात्रों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा सेक्टर-25 में पुलिस चौकी के पास हुआ। सूचना पाकर डीएसपी हिमाद्री कौशिक अस्पताल पहुंचीं। घायल छात्रों के पेरेंट्स और स्कूल स्टाफ को हादसे की सूचना दी गई है। घटना के बाद से वैन का ड्राइवर फरार है। इलाज के बाद 5 बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि नित्यम सिंह (4), परीक्षित गंभीर (4) और हेजल मदान (5) का उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिस स्कूल वैन का एक्सीडेंट हुआ, वह भाजपा मेयर कुलभूषण गोयल के भवन विद्यालय की है।



स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रहे थे

डिवाइडर से टकराई कार शीशे तोड़कर निकाले बच्चे

### अभिभावकों के आरोप

सिविल अस्पताल पहुंचे अभिभावकों ने आरोप लगाया कि ड्राइवर फोन पर बात करता हुआ वैन चला रहा था। स्पीड ज्यादा होने की वजह से वैन अनबैलेंस हो गई। उसकी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक ने कहा कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। पेरेंट्स का कहना है कि कुछ परिवारों ने मिलकर अपने बच्चों को आसानी से स्कूल लाने और ले जाने के लिए यह प्राइवेट वैन लगाई हुई थी।

**जंगल में मुठभेड़ गंदोह में दो हथगोले मिले**

## डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों में गोलीबारी

- कला भाटा गांव में कई घंटे फायरिंग
- एक दिन पहले ही चार जवान हुए थे शहीद
- डोडा क्षेत्र में हाईअलर्ट, सर्च अभियान जारी
- पाक से सीमा पार से घुसे आतंकी, जैश से जुड़े

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच 4 घंटे के में दो बार गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने भी गांव के बाहर संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर गोलियां चलाईं। गंदोह में दो हथगोले पाए गए हैं। सबसे पहले मंगलवार रात 10 बज कर 45 मिनट के आसपास कलां भाटा में गोलीबारी की घटना हुई। इसके बाद देसा वन क्षेत्र में जारी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान देर रात दो बजे पंचन भाटा के पास गोलीबारी हुई। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को यहीं पर सेना के चार जवान शहीद हो गए थे।

### जंगल में छुपे आतंकी

अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी की दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आतंकवादी अंधेरे, दुर्गम इलाके और घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले और जंगल छुप गए हैं। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल के जवानों ने डोडा से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोट उरबागी में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। आतंकवादी पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए हैं। ये हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ कर वन क्षेत्र में छिपे है।

## पंजाब : लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गिरोह के 3 गुर्गे पकड़े

**पंजाब और राजस्थान पुलिस की कार्रवाई**

**चंडीगढ़ (भाषा)।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और अमेरिका में रह रहे गोल्डी बराड़ के गिरोह के तीन कथित गुर्गों को पंजाब पुलिस ने राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने आरोपितों से दो पिस्तौल व छह कारतूस भी बरामद किए हैं। आरोपितों की पहचान मानसा के भीखी निवासी गुरप्रीत सिंह, बठिंडा के तलवंडी साबो निवासी मनिंदर सिंह उर्फ मुंशी और मानसा के बीर खुर्द गांव निवासी हरचरणजीत सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास है। उनके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, शस्त्र अधिनियम सहित अन्य कई मामले दर्ज हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर राजस्थान पुलिस के साथ गैंगस्टर रोधी कार्यबल ने संयुक्त अभियान चलाया है।






**बजट उम्मीद** इक्रा ने कहा-बुनियादी ढांचा उपखण्डों के बीच प्राथमिकताएं तय करें

**वित्त मंत्री सीतारमण 23 जुलाई को पेश करेंगी पूर्ण बजट**

# रोजगार को बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे को और मजबूत करे सरकार

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार 2024-25 के पूर्ण बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अच्छा पूंजीगत परिव्यय बनाए रख सकती है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 23 जुलाई को पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इक्रा लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख (कॉर्पोरेट रेटिंग्स) आशीष मोदानी ने कहा कि भविष्य में सभी हितधारकों को समायोजित करने के लिए विभिन्न बुनयादी ढांचा उप-खंडों के बीच कुछ पुनः प्राथमिकताएं तय की जा सकती हैं। हालांकि, बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय से स्वस्थ वृद्धि गति को बनाए रखने की संभावना है।' मोदानी ने कहा, 'सड़क, रेलवे और जल क्षेत्र में हम आगे भी मजबूत परिव्यय देखेंगे।' लोकसभा चुनाव से पहले पेश किए गए अंतरिम बजट ने बुनियादी ढांचे के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान करके एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया था, जो 2023-24 के लिए पहले से ही आवंटित 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

- बुनियादी ढांचे की मजबूती को पूंजीगत व्यय बढ़ाया जाए
- सड़क, रेलवे और जल क्षेत्र में अच्छा खर्च करना होगा
- स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन दिया जाए, सरकार कई उपायों की घोषणा करे



**धन की कमी न होने दें**

अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए किए गए आवंटन से स्पष्ट है कि धन की कभी कमी नहीं होगी। डेलॉयट के साझेदार अनुराग गुप्ता ने कहा, 'यदि हम अंतरिम बजट को देखें तो इस सरकार ने बुनियादी ढांचा क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से जाहिर की है।' बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, 'पहली बात पूंजी आवंटन की है और मुझे लगता है कि इस मामले में उनका रिकॉर्ड काफी मजबूत है।' मोदानी ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य को बरकरार रख सकती है।

### बजट में स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन दिया जाए

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से पहले सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह इसमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की घोषणा करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि उनकी उम्मीद है कि सरकार स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए नीति-संबंधी उपायों, व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) और प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा कर सकती है। इक्रा लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और समूह प्रमुख-कॉरपोरेट रेटिंग गिरीश कुमार कदम ने कहा, "उम्मीद है कि बजट का मुख्य ध्यान हरित वृद्धि पर आधारित रहेगा... उम्मीद करते हैं कि बजट में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण, पारेषण और वितरण नेटवर्क को मजबूत करने की योजनाओं पर ध्यान देंगे।

## खबर संक्षेप

### एसीएस अग्रवाल बने भिवानी जिले के प्रभारी

**चंडीगढ़।** सरकार ने लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), वास्तुकला तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा भिवानी जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। वे मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल स्थान पर यह कार्य देखेंगे। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा आशय के आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार वे जिले की 25 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे सहित जिले के अन्य महत्वपूर्ण मामलों की भी समीक्षा करेंगे।

### हरियाली तीज वैकल्पिक अवकाश सात अगस्त को

**चंडीगढ़।** हरियाणा में हरियाली तीज का वैकल्पिक अवकाश अब 6 सितम्बर की बजाय 7 अगस्त को होगा। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा 25 दिसंबर, 2023 को जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है।

### डबवाली को जिला बनाए सरकार : अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** डबवाली को जिला बनाने की मांग को लेकर डबवाली जिला बनाओ अभियान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और डबवाली को जिला बनवाने की मुहिम में समर्थन करने का अनुरोध किया। इस पर अभय सिंह चौटाला ने ज्ञापन सौंपने आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि अगर अभी भाजपा सरकार ने डबवाली को जिला नहीं बनाया तो इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने पर पहली कलम से डबवाली को जिला बनाया जाएगा।

### शिव मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के कर्मचारियों ने बुधवार को सेक्टर तीन में एमएलए हॉस्टल स्थित शिव मंदिर का आठवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर शिव मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर परिसर में शिरडी वाले साईं बाबा की मूर्ति स्थापित की गई। मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन करने उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर पांच हजार जुर्माना

**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने नगर निगम, गुरुग्राम में कार्यरत मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आयोग ने यह जुर्माना आवेदक को अधिसूचित सेवा निर्धारित समय सीमा में न देने व आवेदन को गलत तरीके से खारिज करने के कारण लगाया है। प्रवक्ता ने बताया कि आवेदक देवेन्द्र सिंह भाटी ने 10 अप्रैल 2024 को डॉग के पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी करने से सम्बंधित शहरी स्थानीय विभाग की सेवा का लाभ लेने के लिए अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया था। लेकिन 12 अप्रैल को उनका आवेदन खारिज कर दिया था।

### समाधान शिविर में शिकायतों का निपटारा

**पंचकूला।** अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान करते हुए तीन महिलाओं पूजा, ज्ञानवती और सुखविंद्र को मौके पर ही बीपीएल कार्ड बनाकर उसकी प्रति प्रदान की। अतिरिक्त उपायुक्त बुधवार सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

### नाले में गिरे बच्चे के परिजनों से मिले स्पीकर

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बुधवार को सेक्टर-16 के गांव बुढनपुर में स्थित नाले का निरीक्षण किया और गत दिवस पांव फिसलने से गिरे 10 वर्षीय बच्चे के परिजनों से मुलाकात की। गुप्ता ने पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रकट करते हुए एक लाख रुपये से सहयोग करने का आश्वासन दिया।उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को नाला में गिरे बच्चे को गहनता के साथ ढूंढने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।


## मुख्यमंत्री ने मार्केट फीस 1 प्रतिशत से घटाकर 0.5 करने की घोषणा की

# पिंजौर में एशिया की सबसे बड़ी सेब, फल एवं सब्जी मंडी के प्रथम चरण का उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला के पिंजौर में एशिया की सबसे बड़ी आधुनिक सेब, फल एवं सब्जी मंडी पिंजौर के प्रथम चरण का उद्घाटन किया और किसानों व व्यापारियों के कल्याण के लिए अनेक सौगात दी। मुख्यमंत्री ने आधुनिक सेब, फल एवं सब्जी मंडी, पिंजौर में व्यापार को बढ़ाने के लिए इस मंडी में मार्केट फीस 1 प्रतिशत से घटाकर 0.5 प्रतिशत करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना, 2013 के तहत प्रार्थी की आयु को बढ़ाकर अब 10 से 75 वर्ष तक करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस योजना में किसान एवं खेतीहर मजदूर पर आसमानी बिजली गिरने से हुई दुर्घटना पर कोई राशि नहीं दी जाती थी। अब सरकार द्वारा आसमानी बिजली गिरने से होने वाली दुर्घटना को भी इस योजना में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल किसान मजदूर कैंटीन योजना के अंतर्गत प्रदेश के किसानों व मजदूरों को 10 रुपये प्रति थाली की रियायती दर से वर्षभर भोजन उपलब्ध करवाने के लिए 100 मंडियों में कैंटीन खोलने का निर्णय लिया गया है। अब तक 48 मण्डियों में कैंटीन शुरू की जा चुकी है। उन्होंने घोषणा की कि अन्य मंडियों में भी अटल किसान मजदूर कैंटीन जल्द खोली जाएगी। उन्होंने विवादों के समाधान नीति के संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि मंडी प्रांगण में सभी प्लॉट धारकों से चक्रवृद्धि ब्याज की वसूली नहीं की जायेगी और सभी बकाया राशि की गणना केवल साधारण ब्याज से ही की जायेगी। इसके अतिरिक्त यह भी घोषणा की कि यदि किस्त का भुगतान देय तिथि के बाद 20 दिनों के अन्दर किया जाता है तो कोई दंडात्मक ब्याज नहीं लिया जायेगा। फल एवं सब्जी पर एचआरडीएफ समाप्त करने और विवादों का समाधान योजना को 30 सितम्बर तक बढ़ाने की घोषणा भी की।

■ मुख्यमंत्री ने किसानों व व्यापारियों के कल्याण के लिए दी सौगातें



चंडीगढ़। मंडी के प्रथम चरण का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### मुख्यमंत्री ने 15.68 करोड़ की लागत से मंडियों के निर्माण व मरम्मत कार्यों का किया शिलान्यास

इससे पूर्व उन्होंने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड पंचकूला द्वारा जिला करनाल के गांव सग्गा में 8.99 करोड़ की लागत से बनने वाली नई अनाज मंडी के निर्माण कार्य व जिला कुरूक्षेत्र की बाबैन अनाज मंडी की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए 6.69 करोड़ रूपये से विशेष मरम्मत के कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही कालका क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रूपये की राशि देने की घोषणा भी की।

## मुख्यमंत्री ने एचसीएस 2023 के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को किया सम्मानित



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा सिविल सेवा-2023 उत्तीर्ण करने वाले 113 अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक अधिकारी का प्रथम कर्तव्य जनता की सेवा करना और उनके जीवन को सरल बनाना है। इसलिए आप सभी पूरी मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि बुधवार को ही सभी चयनित अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग करवाई जाए। मुख्यमंत्री यहां आयोजित हरियाणा सिविल सेवा-2023 के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में नौकरियों में जिस प्रकार से पारदर्शिता देखने को मिली है, उसी सोच के अनुसार हरियाणा सरकार ने भी पिछले 10 वर्षों में लगातार बिना पर्ची-बिना खर्ची के केवल मेरिट पर सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि पहले किसी का कोई रिश्तेदार होता था वही एचसीएस लगता था, लेकिन हमारे मिशन मेरिट के कारण आज बिना पर्ची-बिना खर्ची के गरीब परिवार के बच्चे भी अधिकारी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्येय है कि मेहनतकश युवाओं को उनकी मेहनत का फल मिले और अपनी योग्यता के आधार पर वे सरकारी सेवा में आएं।

■ कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने 113 चयनित की करवाई ज्वाइनिंग

## किसान व व्यापारी मिट्टी के प्रयोग का परमिट ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे

### मुख्यमंत्री नायब ने पोर्टल किया लॉन्च

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों व छोटे व्यापारियों की मिट्टी निपटान से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक अहम निर्णय लेते हुए बुधवार को खनन एवं भूविज्ञान विभाग का पोर्टल kisan.mines haryana.gov.in लॉन्च किया है। अब किसान व छोटे व्यापारी अपने घर बैठे ही मिट्टी के प्रयोग से संबंधित परमिट ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों, छोटे व्यापारियों को ही नहीं, बल्कि गांव के रेहड़ा व बुग्गी वाले किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे किसान भाई व छोटे व्यापारी लंबे समय से मिट्टी से संबंधित विभागीय अनुमति व अन्य प्रक्रिया के जटिल होने के कारण कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके समाधान के लिए ही पोर्टल लॉन्च किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसान व छोटे व्यापारी अगले 2 महीने तक ऑनलाइन प्रक्रिया के साथ-साथ ऑफलाइन भी संबंधित माइनिंग ऑफिसर के पास जाकर एनओसी प्राप्त कर सकेंगे। इससे पहले इन सब कार्यों के लिए व्यक्तिगत रूप से किसानों व छोटे व्यापारियों को कार्यालय में जाकर सभी कागजात जमा करवाकर अनुमति लेनी पड़ती थी। किसान अपने भरत के कार्य के लिए पोर्टल से से ही एनओसी ले सकेंगे।

**200 रुपये की परमिट फीस खत्म** नायब सैनी ने कहा कि अब किसान अपने खेत को समतल करने के लिए भी इस पोर्टल के माध्यम से आनलाइन एनओसी प्राप्त कर सकेंगे। इतना ही नहीं, अब किसान मिट्टी भरत के कार्य के लिए भी इस पोर्टल के माध्यम से एनओसी प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। अभी जो 200 रुपये लगते थे।

### पंचायतों को मिलेगा मिट्टी उत्खनन से प्राप्त रायल्टी का 50% हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में हमने ग्राम पंचायतों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। जिस गांव में साधारण मिट्टी का उत्खनन किया जाएगा, उस गांव के सरपंच अथवा ग्राम सचिव से एनओसी लेनी जरूरी होगी। जिस गांव में साधारण मिट्टी का उत्खनन होगा, उस मिट्टी के उत्खनन से प्राप्त रायल्टी का 50 प्रतिशत हिस्सा संबंधित ग्राम पंचायत के खाते में जमा होगा। इससे संबंधित ग्राम पंचायत गांव का कोई भी विकास कार्य करवा सकेंगी। उन्होंने कहा कि बहुत बार ग्राम पंचायत जोहड़ अथवा तालाब बनाती थी, तो इन ग्राम पंचायतों को निकाली गई मिट्टी के निपटान के लिए जटिल विभागीय प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था। इसलिए, इस प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए अगले 3 से 4 दिनों में तालाब अथवा जोहड़ बनाने के लिए मिट्टी के उत्खनन से संबंधित प्रक्रिया का प्रावधान भी इस पोर्टल में कर दिया जाएगा।

# एससी और बीसी समाज को धोखा दे रही सरकार : हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि वोट लेकर एससी-ओबीसी को धोखा देना बीजेपी की फितरत है। इसलिए जब से बीजेपी प्रदेश की सत्ता में आई है, उसने लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण, व कल्याणकारी योजनाओं पर अंकुश लगाया है। बीजेपी ने ही पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करने के लिए क्रीमी लेयर को 8 लाख से घटाकर 6 लाख किया था। साथ ही इसमें कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया गया था। इसके चलते पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण से वंचित हो गए। बीजेपी के फैसले की वजह से हजारों युवाओं को नौकरी और सरकारी शिक्षण संस्थानों में एडमिशन नहीं मिल पाया। कांग्रेस ने सड़क से लेकर विधानसभा तक इस मुद्दे को उठाया था, लकिन सरकार ने एक ना सुनी। लेकिन अब चुनाव में ओबीसी को बरगलाने के लिए बीजेपी फिर से क्रिमी लेयर की लिमिट बढ़ाकर 8 लाख करने का दावा कर रही है। जबकि इस सरकार को पिछड़ा वर्ग से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए। उसे बताना चाहिए कि किस मंशा के साथ ओबीसी आरक्षण खत्म करने का फैसला लिया गया था।

### अग्निवीर योजना को खत्म करे सरकार

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए हुड्डा ने अग्निवीर को लेकर कहा कि केंद्र सरकार के विभागों में ग्रुप-सी में 10 प्रतिशत और ग्रुप-डी में 20 प्रतिशत आरक्षण पहले से ही पूर्व सैनिकों के लिये तय है। ऐसे में सुरक्षा बलों में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा का कोई औचित्य नहीं बनता। ये सिर्फ बीजेपी द्वारा अनजान लोगों को बरगलाने की घोषणा मालूम पड़ती है। हुड्डा ने कहा कि अग्निवीर योजना को पूरी तरह खत्म करना चाहिए और भर्ती होने वाले 100 प्रतिशत युवाओं को सेना में सेवा करने का मौका मिलना चाहिए। बढ़ते अपराध पर हुड्डा ने कहा कि खुद गृह मंत्रालय ने माना हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बना दिया है। रोज 3 से 4 लोगों की हत्याएं हो रही हैं और सरकार दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर का जिक्र करके अपनी नाकामी को छिपाने में लगी है।'हरियाणा मांगे जवाब' अभियान पर बीजपी नेताओ व गृह मंत्री की टिप्पणी का जवाब देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से कार्यकाल का जवाब मांगा।



## समाज का हर वर्ग मांगों को लेकर धरने पर बैठने को मजबूर : गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह के दौरे पर सवाल उठाए। भाजपा सरकार के राज में हरियाणा में हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठा है। किसान, शिक्षक, डॉक्टर, कर्मचारी, महिलाएं, व्यापारी और रिटायर्ड बुजुर्ग सब धरने पर बैठे हैं। लेकिन जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा में आए तो प्रदेश की बीजेपी सरकार की तारीफों का पुल बांध गए। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने हरियाणा की सड़कों की ओर ध्यान नहीं दिया। ओपीएस की मांग को लेकर सड़कों पर बैठे बेबस सरकारी कर्मचारियों की ओर ध्यान नहीं दिया। लगता है गृहमंत्री भूल गए कि हरियाणा लंबे समय से परेशान है।

### प्रदेश की सुध नहीं ले रही केंद्र सरकार

उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि गृहमंत्री कुछ राहत देंगे। लंबे समय से किसान बॉर्डर पर बैठे हैं, परंतु उन्होंने एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनता की परेशानियों की तरफ कोई रुचि नहीं है। जब चुनाव आता है तो गृहमंत्री हरियाणा में दिखाई देते हैं अन्यथा हरियाणा की कोई सुध नहीं लेते। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) की भी प्रतिदिन हड़ताल रहती है।



### आज चुनावी रणनीति का ऐलान करेगी आप

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता संजय सिंह, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान वीरवार को हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर दोपहर एक बजे चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता करेंगे। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मौजूद रहेंगे। इसमें हरियाणा में विधानसभा चुनावों में प्रचार और आगामी रणनीति को लेकर घोषणाएं की जाएगी। आम आदमी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर पूर्ण रूप से तैयार है। सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर तैयारी की जा रही है।

### दफ्तर हो या अस्पताल, चारों ओर जनता बेहाल : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकारा नीतियों के कारण आज प्रदेश की जनता और सभी कर्मचारी परेशान हैं। प्रदेश में चाहे दफ्तर हो या अस्पताल हर जगह जनता बेहाल दिखाई देती है। पहले डॉक्टर की हड़ताल से मरीज परेशान रहे और अब कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की हड़ताल से रजिस्ट्री और इंतकाल का कार्य प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी तो कर्मचारी आम जनता को भी भारी समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है।



### तीन-दिवसीय फॉरेंसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने राज्य के सरकारी वकीलों (जिला न्यायवादी और अतिरिक्त जिला न्यायवाद्दी) के लिए अपनी तरह के पहले तीन-दिवसीय प्रशिक्षण का वर्चुअली शुभारम्भ किया। प्रशिक्षण शुरू करने का उद्देश्य फारेंसिक विश्लेषण और आपराधिक न्याय प्रदायगी के अन्य पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करना है। गौरतलब है कि गत 29 जून को हरियाणा सरकार और राष्ट्रीय फारेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते का उद्देश्य फारेंसिक और अभियोजन प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा फोरेंसिक नमूनों के परीक्षण के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ाना, सुविधाजनक बनाना है।

## परीक्षाओं के लिए भवन नहीं देंगे निजी स्कूल

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से करवाए जाने वाले एग्जाम को लेकर हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस के पदाधिकारी ने निजी स्कूलों को केंद्र बनाने से सीधे तौर पर इंकार कर दिया। कॉन्फ्रेंस के जोनल प्रधान ने अंबाला के जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि एग्जाम सेंटर बनाने को लेकर उन्होंने सरकार से कुछ डिमांड की थी लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया। इसके बाद उन्होंने सीधे तौर पर जुलाई, अगस्त और सितंबर में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से लिए जाने वाले एग्जाम के लिए निजी स्कूलों को केंद्र बनाने से इनकार कर दिया।अंबाला के जिला शिक्षा अधिकारी को भेजें लेटर में कहा कि हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस ने अपनी मांगों लेकर सरकार को लेटर दिया था और उस समय सरकार ने वायदा किया था उनकी समस्याओं को जल्द सुनते हुए हल कर दिया जाएगा।

## नस्ल सुधार के लिए गोशालाओं को गोद लेगी सरकार

**चंडीगढ़ ।** कृषि एवं किसान कल्याण तथा पशु पालन एवं डेयरी मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिला में कम से कम एक गौशाला को गायों की नस्ल सुधारने के लिए गोद लिया जाए ताकि प्रदेश में फिर से दूध की मात्रा में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने पंचकूला में स्थित पेट एनिमल मैडिकल सेंटर ( पीएएमसी ) की तर्ज पर सभी जिलों में 1-1 पेट केयर सेंटर खोलने की संभावनाओं को भी तलाशने के निर्देश दिए ताकि वहां पर बीमार एवं घायल पालतू जानवरों के अलावा पक्षियों का भी समुचित उपचार किया जा सके। कंवरपाल बुधवार को हरियाणा निवास में पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में स्थित Protected Structures के विभिन्न components में Repair व Replacement के लिए फर्म को इम्पैनल्ड करने हेतू E-Tender नोटिस ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ में स्थित Protected Structures के विभिन्न components में Repair व Replacement के लिए फर्म को इम्पैनल्ड करने हेतु E-Tender नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Work Description | EMD (Rs.) | Start Date | Last Date |
|---|---|---|---|
| "Repair and Replacement of different components of protected structures"at IHDC Sundrah, Mahendragarh (Narnaul)" (02 NVPH,02 INH and 01 HTGH) | 130000/- | 19-07-2024 (From 11:00 AM onwards) | 08-08-2024 (Upto 5:00 PM) |
| Last date for submission of Online Technical and Financial bids. | 08-08-2024 Upto 5:00 PM | | |
| Opening of Technical bids | 09-08-2024 at 12:00 Noon at IHDC, Sundrah, Mahendragarh | | |
| Opening of financial bids | As per instruction from HQ. | | |

The detailed specifications of different material and terms and conditions specified in tender document would be available on E-tender portal that is http://etenders.hry.nic.in and on department of Horticulture website i.e. www.hortharyana.gov.in The tender document fee is Rs. 5000/- (Five Thousand only), E-services fee is Rs. 1180/- (One Thousand One Hundred Eighty only).
In case on any query please call us on Sh. Ajmer Mehla, IT Expert-7015241695

हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/636/2025/27915/88/6 दि. 17.07.24

**Ch. Devi Lal Coop. Sugar Mills Ltd., Gohana.**

**Tender Notice**

Contact Numbers : 9050001542 (SSM), 9813819264 (C.E), 8199040406 (APO)
Online tenders are invited from manufacturers / Traders / Authorized Distributors / Eexperienced (sugar) Exporters for following items.

1. Purchase of Cane Cutting Knives.
2. Purchase of Cast able Refractory.
3. Purchase of Rubber Spare.
4. Purchase of Gun Metal Material.
5. Purchase of Packing & Jointing.
6. Purchase of General Hardware Items.
7. Purchase of C.I. Grate & Distance Plate.
8. Purchase of FRP Pipe.
9. Construction/installation Rain Water Harvesting System in the mills premises at 4 different locations and making suitable drainage system.
10. Purchase of Co-Gen AVR System.
11. Purchase of Instrument Spare.
12. Purchase of Industrial Paints.
13. Construction of boundary wall from Gate no.1 to periphery of cane yard and upto Kisan rest House.
14. Purchase of S.S. Tube.
15. Cleaning of H.E.V. wet Scrubber system & Ash removal (During Season 2024-25).
16. Insulation work for fixing of LRB with chicken wire and covering with Aluminum Sheet 50mm Thickness, 24 Guages.
17. AMC of MILL HOUSE & D.C. Drive C/F (Siemens Make).
18. Purchase of Nickle Screen.
19. Purchase of Black Polythene Sheet & Number Tag.
20. Purchase of Tube Cleaning Equipment.
21. Shifting & Feeding of Bagasse (During Season 2024-25).
22. Tube cleaning of all evaporator bodies, pans and juice heaters. (During Season 2024-25).
23. Replacement of Poles & Cables for Street Light.
24. Contract for Motor Rewinding.
25. Unloading & Shifting of Lime & Sulpher and Chemical in season 2024-25.
26. Cleaning Mill House Bed, Both cane carrier & juice screen. (During Season 2024-25)
27. AMC of On line effluent monitoring system and Air Emission monitoring system for season- 2024-25 & Data transfer by your server to CPCB/HSPCB.
28. Purchase of Uniform.
29. Purchase of Diffusers.
30. Sales of 4360 Qtl BISS Ungraded Sugar (For Industrial Use Only)
31. Sale of Scrap

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted **latest by 24/07/2024 up to 12:00 P.M** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. ***Tenders will be opened on 12:30 P.M of 24-07-2024.*** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. ***The negotiations will be held on 26/07/2024 at 12:30 P.M in BOA meeting.***

**Sd/-**
**Managing Director**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | यार्ड और पथ सहित यूएचबीवीएन कॉम्पलैक्स झज्जर के तहत 02 अदद एसडीओ (ओपी) कार्यालयों समेत एसई (ओपी) वृत्त, यूएचबीवीएन, झज्जर, एक्सईएन (ओपी) डिवीजन, यूएचबीवीएन, झज्जर बिल्डिंग के 03 फ्लोर की स्वीपिंग एवं क्लीनिंग और सिक्योरिटी (इंडोर और आउटडोर) कॉम्पलैक्स) हेतु एक-मुश्त अनुबंध। | बंद होने की तिथि 23.07.2024 | रु. 590/- (निविदा शुल्क) व ईएमडी 20000/- | www.uhbvn.org.in NIT no.02/JJR/2024-25 | 9354726544 xenopjhajar@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27893/I/88/6 दि. 17.07.24

हरियाणा सरकार

**सार्वजनिक सूचना**

सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि उद्यान विभाग, हरियाणा के अधीन विभिन्न राजकीय बाग व नर्सरियों व उत्कृष्टता केन्द्रों पर फलदार पौधों की उच्च गुणवत्ता की पौध सामग्री विक्रय हेतु उपलब्ध है जिसका विवरण निम्नतालिका में दिया जा रहा है। अतः किसान भाई इन उत्कृष्टता केन्द्रों व राजकीय बाग एवं नर्सरियों से विभिन्न फलदार पौधों की उच्चगुणवत्ता वाली पौध सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

| क्रमांक | फल का नाम | बिक्री हेतु उपलब्ध पौधों की संख्या | मूल्य प्रति पौधा |
|---|---|---|---|
| 1 | अमरुद | 70130 | 75 |
| 2 | नींबू वर्गीय फल | 80287 | 75/- से 100/- |
| 3 | आडू/आलूबुखारा/नाशपाती | 90907 | 100/- |
| 4 | आम | 6289 | 100/- |
| 5 | जामुन | 7008 | 75/- |
| 6 | चीकू | 951 | 100/- |
| 7 | लीची | 1455 | 100/- |
| 8 | कटहल | 527 | 75/- |

- अमरूद की पौध सामग्री खरीदने हेतु राजकीय बाग एवं नर्सरी, बरवाला (हिसार), अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना, (फतेहाबाद), उप-उष्ण कटिबंधीय फल केन्द्र, लाडवा (कुरूक्षेत्र) से सम्पर्क करें।
- अन्य फल जैसे आम, चीकू, आडू, लीची, किन्नू, नीम्बू इत्यादि फलों की पौध सामग्री की खरीद हेतु राजकीय बाग एवं नर्सरी, नबीपूर (अम्बाला) उप-उष्ण कटिबंधीय फल केन्द्र, लाडवा (कुरूक्षेत्र), फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगियाना (सिरसा) से सम्पर्क करें।

**अधिक जानकारी के लिये संबंधित जिला उद्यान अधिकारी व उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क करें । अथवा कॉल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-2021**

उद्यान विभाग,हरियाणा
सेक्टर-21, पंचकूला-134116
E-mail: hortharyana@gmail.com, | Ph : 0172-2582322 | website : www.hortharyana.gov.in
पीआरडीएच-1149/11/635/2025/27913/88/6 दि.17.07.24

## खबर संक्षेप

### गुजविः बीसीए-एमसीए कोर्स के लिए सीटें बढ़ाई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इंटेग्रेटिड बीसीए-एमसीए कोर्स में विद्यार्थियों के जबरदस्त रुझान को देखते हुए सीटों की संख्या 60 से बढ़ाकर 120 कर दी गई है। दाखिले की पहली काउंसलिंग 9 जुलाई को हो चुकी है। इस कोर्स के लिए 400 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओपी सांगवान ने बताया कि कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में इस समय लगभग 600 विद्यार्थी हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सिरसा।** गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है। घटना की सूचना राजकीय रेलवे पुलिस को मिली जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जांच अधिकारी राजकीय रेलवे पुलिस के एएसआई राधेश्याम ने बताया कि मृतका की पहचान सिकंदरपुर गांव निवासी कांतोबाई के रूप में हुई है।

### बीरूवालागुढ़ा में कार से मिले 3000 कैप्सूल

**सिरसा।** बडागुढ़ा पुलिस ने जसकरण उर्फ जस्सी पुत्र मंगु सिंह निवासी बीरूवाला गुढ़ा की शिकायत पर गुरप्रीत सिंह निवासी गांव भोपाल जिला मानसा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जसकरण सिंह ने बताया कि वह ट्रेक्टर मैकेनिक है। मंगलवार सायं वह अपने घर के बाहर सूबाखेड़ा रोड पर खड़ा था, तभी एक कार तेज र तार से उसकी ओर आई। उसने मुश्किल से अपना बचाव किया। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे शीशम के पेड़ से जा टकराई। कार पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें से सिग्मा-300 कैप्सूल का एक डिब्बा बरामद हुआ।

### गाड़ी से 200 किग्रा डोडा पोस्त बरामद,

**जींद।** स्पेशल स्टाफ करनाल यूनिट ने गांव किलाजफरगढ़ के निकट नेशनल हाइवे 152 डी पर कार को काबू कर उसमे से 200 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। गाड़ी की नंबर प्लेट को बदला गया था। डोडा पोस्त वाली कार के आगे पायलेट गाड़ी भी चल रही थी। पुलिस ने दो तस्करों को का काबू कर लिया। जबकि एक तस्कर फरार होने में कामयाब हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने पकडे गए तथा फरार तस्कर के खिलाफ नशीले पदार्थ तस्करी करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### ब्लैकमेलिंग के जरिए 20 लाख रुपये की डिमांड

**अंबाला।** ब्लैकमेलिंग का एक नया मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने पहले उधार लिया। फिर फिर षड्यंत्र के तहत अपनी पत्नी के साथ पीड़ति के साथ संबंध बनवाए। आरोपी ने परिवादी की अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में वीडियो भी बनाई। इसके बाद ब्लैकमेल करते हुए उससे 20 लाख रुपए की डिमांड की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला छावनी के लाल कुर्ती के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कर्ण नाम का युवक सितंबर 2022 में उसके संपर्क में आया था। उसने 3 लाख रुपए उधार लिए थे।

### लिव इन में रह रही युवती का अपहरण

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव कैल में प्रेमी के साथ लिव इन में रह रही युवती का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप युवती की मां व दर्जन भर अन्य युवकों पर लगा है। बताया जा रहा है कि जब से युवती अपने प्रेमी के घर पर लिव इन में रहने लगी तो उसके परिजनों ने इसका विरोध किया था और लड़के के परिजनों के साथ मारपीट भी की थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद युवती की मां को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कैल निवासी सुनीता ने बताया कि वह अपने बड़े बेटे अंकुश व छोटे बेटे साहिल की पत्नी नैंसी के साथ घर पर थी।

---


प्रदेश के 2368 कम्प्यूटर प्रोफेशनल अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# 525 सर्विस रुकी, 35598 रजिस्ट्रियां अटकी तीन दिन में करीब 100 करोड़ का नुकसान

- तीन जिले गुरुग्राम,फरीदाबाद व पलवल के ऑपरेटर अभी हड़ताल में शामिल नहीं

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गई। अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर के 2368 कम्प्यूटर प्रोफेशनल हड़ताल पर है। प्रदेश के तीन जिलों गुरुगांव, फरीदाबाद व पलवल के ऑपरेटर अभी हड़ताल में शामिल नहीं है। इसके अलावा अन्य जिलों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते तहसीलों में कामकाज ठंप होकर रह गया है। हड़ताल के कारण 525 प्रकार की सर्विसिस बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से प्रदेश सरकार को रोजाना 25 से 30 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है। अब तक करीब 100 करोड़ रुपये का सरकार को नुकसान हो चुका है। इसकी पुष्टि संघ के पदाधिकारियों ने की है। तहसीलों में काम कराने पहुंचे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ा। कम्प्यूटर ऑपरेटरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से रजिस्ट्रियां , इंतकाल, जमाबंदी और आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आरसी, लाइसेंस, डोमिसाइल, इंकम सर्टिफिकेट जैसे कार्य बाधित हो गए। तहसील में कंप्यूटर ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते कुर्सियां भी खाली नजर आई। तीसरे दिन तक प्रदेश में 35598 रजिस्ट्रियों के आवेदन आए, जिसमें से 401 रजिस्ट्रियां ही डीड हो सकी। अन्य रजिस्ट्रियां ऑनलाइन कम्प्यूटर में ही पड़ी हुई है। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ का कहना है कि सरकार की ओर से अभी उनकी लंबित मांगों को पूरा नहीं जाता, उनकी हड़ताल जारी रहेगी। हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ के राज्य उपप्रधान सुखविन्द्र कम्बोज ने कहा कि बार-बार मांग करने के बाद भी प्रदेश सरकार उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, लगातार उनकी अनदेखी की जा रही है। सरकार की ओर से लोगों को जो सेवाएं दी जा रही है, कंप्यूटर आपरेटर इन सभी का समय पर निपटान करते हैं, काम के मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है, बाजवूद इसके उनकी मांगें पूरी नहीं की जा रही हैं।




फतेहाबाद। सुनसान पड़ा ई-दिशा केन्द्र। फोटो :हरिभूमि

### रजिस्ट्री के लिए नया टोकन नहीं लग रहा

हड़ताल के कारण ई-दिशा केंद्र और सरल केंद्र में होने वाले लोगों के सभी काम रूक गए हैं। रजिस्ट्री के लिए कोई भी नया टोकन नहीं लग रहा है। फतेहाबाद जिले में 3 तहसील और 4 उपतहसील है। जिले में प्रतिदिन 250 के करीब रजिस्ट्री होती हैं, जिस हिसाब से अब तक 750 रजिस्ट्रियों का काम नहीं हो पाया है। तीन दिन में कुल 600 इंतकाल, 9 हजार जमाबंदियों का काम ठंप होकर रह गया है। सोमवार से बुधवार तक एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई, तहसीलों में लोग रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंचे, लेकिन तहसील में कार्य बंद होने के कारण वापस लौट गए। रजिस्ट्री बंद होने से लेन-देन कार्य भी प्रभावित हो गया है। तहसील में रजिस्ट्री करवाने आए अयाल्की के रामनिवास ने बताया कि एग्रीकल्चर ही एक एकड़ की रजिस्ट्री करवानी थी, बुधवार को दोनों पार्टियों आई हुई थी, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई।

### आज करनाल में प्रदर्शन

हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ के राज्य उपप्रधान सुखविन्द्र कम्बोज ने बताया कि इस समय प्रदेश में 35598 रजिस्ट्रियां की अप्वाइंटमेंट रूकी पड़ी है। कम्प्यूटर प्रोफेशनल की लगभग सभी जिलों में हड़ताल है। इसमें गुडगांव, फरीदाबाद, पलवल के कर्मचारी अभी हड़ताल पर नहीं है। कुछ तहसीलों में कर्मचारी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। वीरवार को करनाल में सीएम के आगमन पर प्रदेशभर के कम्प्यूटर प्रोफेशनल प्रदर्शन के लिए करनाल जाएंगे।

### मांगों को लेकर लगातार संघर्ष



कम्प्यूटर प्रोफेशनल यूनियन पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। 11 सितम्बर 2019 को भारतीय मजदूर संघ के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में सेवा नियमों को सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद अब 4 साल से इस पर कोई काम नहीं हुआ है, जिससे प्रदेशभर के कम्प्यूटर ऑपरेटरों में नाराजगी है।
-सुखविन्द्र कम्बोज हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ के राज्य उपप्रधान

### कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की मुख्य मांगें

हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ की मांग है कि सभी डीआईटीएस का केंद्रीयकरण करके बजट का प्रावधान किया जाए। सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सर्जित किए जाएं। एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में शामिल किया जाए। समान काम समान वेतन दिया जाए। 58 साल तक सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। सरकार रेगुलाइजेशन एक्ट लेकर आती है तो उसमें डीआईटीएस को शामिल किया जाए। ग्रे-पे 34 हजार रुपये किया जाए।

---



बैरिकेडिंग कर पुलिस ने किसानों को रोका

# अंबाला-हिसार हाईवे पर छह घंटे हंगामा

- किसान एसपी ऑफिस का घेराव नहीं कर पाए, अफसरों से बातचीत के बाद सभी किसान शंभू बॉर्डर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किसान एसपी ऑफिस का घेराव नहीं कर पाए। अंबाला-हिसार नेशनल हाइवे पर ही पुलिस ने किसानों को रोक लिया। किसानों को रोकने के लिए यहां पुलिस की ओर से मजबूत बैरिकेडिंग की गई थी। इसी वजह से हाइवे पर यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित रही। छोटे वाहन वैकल्पिक रास्तों से निकल गए जबकि बड़े वाहन चालकों को बाइपास का इस्तेमाल करना पड़ा। शाम तक किसान हाइवे पर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे। हालांकि बाद में सभी किसान शंभू बॉर्डर की ओर रवाना हो गए। प्रदर्शन को विफल करने को कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया था। बाद में सभी को रिहा कर दिया गया।

### मीटिंग के बाद बनी सहमति

हाइवे पर जमा किसानों को मनाने के लिए पुलिस व किसान नेताओं के बीच मीटिंग हुई। पुलिस ने किसानों को साफ कहा कि उन्हें किसी भी हालत में शहर में दाखिल नहीं होने दिया जाएगा। पूरे शहर में धारा 163 लगी हुई है। अगर कोई आदेश तोड़ेगा तो फिर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मीटिंग के दौरान कई बार किसान नेताओं की पुलिस अधिकारियों के साथ तकरार भी हुई। किसानों का कहना था कि वे शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करना चाहते हैं। मगर पुलिस ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद पुलिस ने शाम को बैरिकेडिंग हटाकर किसानों को शंभू बॉर्डर की ओर रवाना कर दिया गया।

### हाईवे पर ही रोक लिए किसान

कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए पुलिस की ओर से किसानों को रोकने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। पुलिस की ओर से हाइवे पर रेत-बजरी से भरे ट्रक किसानों को रोकने के लिए खड़े किए गए थे। भारी पुलिस व सुरक्षा बलों ने किसानों को हाईवे पर ही रोक लिया।

---

पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला, भ्रूण के जीवन होने की संभावना

## 25 सप्ताह से अधिक के गर्भ का गर्भपात की अनुमति देने से हाईकोर्ट का इनकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



कोई गलती हुई तो बच्चे को जीवन भर अपंगता के साथ जीना पड़ सकता है : कोर्ट

दुष्कर्म पीड़िता की 25 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की मांग को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने इस आधार पर ठुकरा दिया है कि यदि इसकी अनुमति दी गई तो भ्रूण जीवित पैदा हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो इसकी बहुत अधिक संभावना है कि उसे जीवन अपंगता के साथ बिताना पड़े, वह भी तब जब उसकी कोई गलती नहीं थी।

हाईकोर्ट के समक्ष हिसार निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने याचिका दाखिल करते हुए बताया था कि उसके साथ उसके पड़ोसी ने दुष्कर्म किया था। वह उस पर लगातार दबाव बना रहा था और इसी के चलते याची गर्भवती हो गई। इसके बाद उसने अपने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। हिसार पुलिस ने 21 जून को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। हाईकोर्ट ने इसके बाद मेडिकल बोर्ड के गठन का आदेश दिया था। मेडिकल बोर्ड ने कहा कि यदि गर्भपात का प्रयास किया गया तो भ्रूण के जीवित पैदा होने की संभावना 50-70 प्रतिशत के बीच होगी। याची के साथ जो गलत हुआ है उसे बदला तो नहीं जा सकता लेकिन सुधारात्मक उपाय किए जा सकते हैं।

## चार जिलों की सेना भर्ती 20 से 28 अगस्त तक कैंट परिसर में

- सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर डीसी ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**हिसार।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने हिसार सेना भर्ती कार्यालय द्वारा कैंट परिसर में 20 अगस्त से 28 अगस्त तक की जाने वाली चार जिलों की भर्ती रैली को लेकर बुधवार को पुलिस, नगर निगम, परिवहन, सूचना एवं विज्ञान विभाग, खेल विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने भर्ती की सभी तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने इस संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर विभागाध्यक्षों की ड्यूटी लगाई और कहा कि वे अपने जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए भारतीय सेना के अधिकारियों को पूर्ण सहयोग दें। अभ्यर्थियों को रैली स्थल तक पहुंचने के लिए किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए उपायुक्त ने रोडवेज महाप्रबंधक डॉ मंगल सेन को रैली भर्ती के दिन हिसार शहर से रैली स्थल तक रोडवेज बसों की निर्बाध आवाजाही रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने भर्ती के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

---

# जजपा नेता रविंद्र सैनी की हत्या करने वाले 3 आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

*तीनों के पैरों में लगी है गोलियां, अग्रोहा मेडिकल कॉलेज किया रेफर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जजपा नेता रविन्द्र सैनी की गोलियां मारकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को हांसी सीआईए प्रथम व हिसार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान मंगलवार रात करीब साढ़े बारह बजे गांव उमरा ड्रेन के पास हुई मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया मुठभेड़ के दौरान तीनों आरोपियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाई और आत्मरक्षा में जब पुलिस अधिकारियों ने जवाबी फायरिंग की तीनों बदमाशों के पैरों में गोलियां लगी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां तीनों की गंभीर हालत को देखते बुधवार दोपहर बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस घायल आरोपियों को हिसार के नागरिक अस्पताल में पहुंची, जहां देर रात तक उनके टेस्ट किए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में तीनों आरोपियों ने कबूल किया है। उन्होंने 10 जुलाई शाम को हीरो एजेंसी के संचालक व जजपा नेता रविन्द्र सैनी पर गोलियां चलाई थी। पकड़े गए तीनों आरोपी को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले जाए जाने के दौरान नागरिक अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान रोहतक के गांव खरक जाटान निवासी योगेश, जींद के देवरड़ निवासी सचिन व भिवानी जिले के उपमंडल तोशाम के समीप स्थित गांव पिंजोखरा निवासी 31 वर्षीय विकास उर्फ काशी के रूप में हुई है। बदमाशों ने पुलिस ने बचने के लिए पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। गोली एसटीएफ इंजार्च की बीपी जैकेट में लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की और टांग में गोली लगी।



हांसी। गोली लगने के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन आरोपी।

---

# बेटे ने मां की चाकुओं से गोदकर की हत्या बाद में पुलिस थाने पहुंचकर किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- कथित हत्यारा मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा

कस्बे में वार्ड न. 5 में मां-बेटे के ममतामयी रिश्ते को तार-तार करने की घटना सामने आई है। एक कलयुगी बेटे अपनी मां को बेरहमी से चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी और बाद में हत्या में प्रयुक्त चाकू लेकर पुलिस थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। घटना के समय पर घर पर मां-बेटे के अलावा कोई नहीं था। बहरहाल मृतक के देवर की शिकायत युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। कथित हत्यारा युवक मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहारू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में रखवाया है। मृतका लाली और उसका बेटा नरेश घर पर ही थे। जबकि लाली के दूसरे बेटे के बच्चे भी स्कूल गए हुए थे। इस दौरान मौका पाकर युवक नरेश ने अपनी मां को बेरहमी से चाकुओं से गोद दिया। हत्यारे बेटे नरेश ने बाद में अपनी मां के शव को खटिया पर लिटाकर उस पर चद्दर ओढ़ा दी। प्रयुक्त चाकू को लेकर पुलिस थाने चला गया और समर्पण कर हत्या की बात कबूली।



लोहारू। लोहारू के सीएचसी में शव गृह के बाहर बैठे परिजन।

---

राज्यपाल ने किया सम्मानित



### कन्याकुमारी से सियाचिन तक साइकिल यात्रा पर निकली बेटी का राज्यपाल ने बढ़ाया हौसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से आज राजभवन में एकल महिला साइकलिस्ट आशा मालवीय ने शिष्टाचार मुलाकात की। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर सशक्त सेना, समृद्ध भारत के उद्देश्य से कन्याकुमारी से सियाचिन तक साइकिल यात्रा पर निकली आशा मालवीय का चंडीगढ़ पहुंचने पर राज्यपाल ने हौसला बढ़ाते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

---

## चोरी के शक में डंपर पर चढ़े युवक को चालक ने पीटकर उतारा मौत के घाट

**यमुनानगर।** यमुनानगर पंचकूला नेशनल हाइवे पर मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास चोरी के शक में डंपर पर चढ़े युवक को चालक ने रस्सी से बंधक बनाकर बुरी तरह से पीटा। जिस कारण युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के गंगोह निवासी 32 वर्षीय अरशद के रूप में हुई। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अरशद की हत्या में आरोपी डंपर चालक के साथ तीन अन्य लोग भी शामिल थे। जब तक सभी को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक वह पोस्टमार्टम नहीं करवाएगें। उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी सुरेंद्र कुमार डंपर चालक है। वह रात को डंपर लेकर यमुनानगर-पंचकूला नेशनल हाइवे से जा रहा था। इस दौरान उसने रात को मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास डंपर खड़ा करके आराम करने लगा। जब सुरेंद सो रहा था तो अरशद उसके डंपर पर चढ़ गया। जब चालक सुरेंद्र की आंख खुली तो उसने चोरी के शक में अरशद को पकड़ लिया और उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी।



यमुनानगर। सिविल अस्पताल में हंगामा करते मृतक के परिजन।

---


**योजना** 750 करोड़ की लागत आएगी, जिसमें से 80 फीसदी पैसा जमीन पर खर्च होगा

# हरियाणा में मुंबई एक्सप्रेस वे से तीन हाईवे जोड़ने की तैयारी

- नायब सैनी सरकार प्रदेश के लोगों को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी में

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सैनी सरकार प्रदेश के लोगों को एक अन्य बड़ी सौगात देने की तैयारी में हैं। हरियाणा में मुंबई एक्सप्रेस-वे से तीन हाईवे जोड़ने को लेकर युद्धस्तर पर तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके लिए दिसंबर से पहले पहले टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही जनवरी-फरवरी में काम की शुरुआत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अहम बात यह है कि इस पर 750 करोड़ की लागत आएगी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की मंजूरी के बाद गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण जीएमडीए के प्लान पर तैयारी शुरू हो गई है, जीएमडीए ने मुंबई एक्सप्रेस वे से तीन हाईवे को जोड़ने के लिए एक अहम प्रोजेक्ट बनाया था, प्रोजेक्ट की कुल लागत 750 करोड़ की राशि खर्च होगी, जिसमें से 80 फीसदी खर्च भूमि खरीद पर होगा। जानकारी अनुसार इस काम को करने वाले सलाहकार को इस महीने में फिजिबिलिटी रिपोर्ट जमा करनी होगी और सारा कुछ सही रहा और रिपोर्ट समय से मिली, तो दिसंबर से पहले पहले टेंडर हो जाएंगे। इस पर काम शुरू होने के लिए जनवरी अंतिम सप्ताह अथवा फरवरी में निर्माण का काम शुरू करने के लिए होमवर्क किया गया है।




### कामर्शियल वाहनों के लिए नए रास्ते खोलने की रणनीति

हरियाणा को मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने और तीन हाईवे जोड़ने के साथ-साथ इस दिशा में चल रही तैयारी कमर्शियल वाहनों को नए रास्ते देने की पहल है। जीएमडीए की ओर से कहा गया है कि इस परियोजना को पूरा करने पर कॉमर्शियल वाहनों के लिए दिल्ली-फरीदाबाद, मेवात-मुंबई गुजरात के साथ सीधी कनेक्टिविटी बन जाएगी। दिल्ली जयपुर न 48 गुरुग्राम-अलवर 248 और गुरुग्राम महरौली 148-ए से सीधे आपस में जुड़ जाएंगे। आगे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस से भी जुड़ जाएंगे इतना ही नहीं नेशनल हाईवे 48 पर खेड़की डोला के पास द्वारका एक्सप्रेस-वे पर यह कनेक्ट होगा, इसके पहले इस साल फरवरी में द्वारका एक्सप्रेसवे का गुरुग्राम वाला हिस्सा खोला था, द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुग्राम वाले हिस्से को चार पैकेज के अंदर बांटा है। दूसरा द्वारका अर्बन एक्सटेंशन रोड से बजघेरा तक इसके अलावा तीसरा बजघेरा से बसही रेल ओवर ब्रिज दिल्ली हरियाणा सीमा तक और चौथा पैकेज बसई और आरओबी से खेडकी डोला तक मुंबई एक्सप्रेसवे से दिल्ली एयरपोर्ट द्वारका कुंडली नरेला बवाना रोहिणी सीधे इस इंटरचेंज से कनेक्ट हो जाएगा।

### प्रोजेक्ट से कई राज्यों को होगा फायदा

इसके अलावा प्रोजेक्ट से दिल्ली-गुरुग्राम, राजस्थान-मेवात गुजरात हरियाणा नारनौल और रेवाड़ी साइड के मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे सभी आपस में जुड़ जाएंगे। नेशनल हाईवे-48 से दिल्ली की ओर जाने वाले खिड़कीदौला से एसपीआर से इस चौक पर आकर महरौली की ओर जा सकेंगे। इसके अलावा जयपुर की ओर से आने वाले वाहन सोहना-राजस्थान और मुंबई एक्सप्रेसवे के लिए खेड़कीडोला से ही यहां पर आ सकेंगे। कुल मिलाकर राज्य की सरकार प्रदेश में विकास को गति देने और इन हाईवे को जोड़कर व्यापार, उद्योग को बढ़ावा देने और कमर्शियल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है, जिससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

---

## फतेहाबादः अश्लील वीडियो डिलीट के नाम पर एक लाख हड़पे

**फतेहाबाद।** वीडियो कॉल पर अश्लील वीडियो रिकार्ड कर उसे यूट्यूब पर डालने और बाद में डिलीट करने के नाम पर एक युवक को ब्लैकमेल एक लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। अब इस बारे पीड़ित युवक ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नहला निवासी सोनू ने कहा है कि वह गांव में ही वैल्डिंग का काम करता है। 11 जुलाई रात करीब साढ़े 10 बजे व्हाटसअप पर मैसेज आया और उसे वीडियो कॉल करने के लिए कहा लेकिन उसने वीडियो कॉल नहीं की। इसके कुछ देर बाद उसके पास उसी नंबर से वीडियो कॉल आई जोकि उसने उठा ली। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन पर नग्न अवस्था में कुछ क्लिप चलने लगे और फोन करने वाले ने उसके साथ हुई वीडियो कॉले की स्क्रीन रिकार्ड ली। इसके बाद एक लाख रुपये की डिमांड की।

# एलआईसी का शेयर एक साल में 79 प्रतिशत तक उछला, एसबीआई को भी फायदा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को शेयर बाजार में प्रदर्शन के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका रही है।

भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर बीते एक साल में करीब 79 प्रतिशत तक उछल चुका है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपए पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपए के भाव पर बंद हुआ।

## ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका

### बीमा कंपनियों की कमाई का तरीका

बीमा कंपनियां दो तरीकों से पैसा कमाती हैं। पॉलिसियों के लिए प्रीमियम और फिर उस प्रीमियम को परिसंपत्तियों में निवेश कर वे कमाई करती हैं। यह दूसरा तरीका ही उनके मुनाफे में बड़ा अंतर पैदा करता है, जिससे मूल्य सृजन और जोखिम प्रबंधन पर असर पड़ता है। हालांकि, पूंजी बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अधिकांश भारतीय बीमा कंपनियों ने अभी तक देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में उभार का उतना लाभ नहीं उठाया है।




### एसबीआई में 48 प्रतिशत की तेजी

ढांचागत क्षेत्र में ज्यादा निवेश करने वाले भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में भी बीते एक साल में 48 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में इस दौरान नकारात्मक तीन प्रतिशत से लेकर 24 प्रतिशत तक की ही तेजी आई है। ढांचागत क्षेत्र में नगण्य निवेश करने वाले कोटक और एचडीएफसी बैंक सबसे खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके शेयरों ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 18 जून, 2023 को 1,895 रुपये पर था और मंगलवार को यह 1,805.20 रुपये पर बंद हुआ। वहीं एचडीएफसी बैंक मंगलवार को बीएसई पर 1,619.20 रुपये पर बंद हुआ, जो एक साल पहले 1,679 रुपये पर था।

### 12 प्रतिशत दिया रिटर्न

एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। एक साल पहले एचडीएफसी लाइफ का शेयर बीएसई पर 666.55 रुपए पर था लेकिन मंगलवार को यह 646.55 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। हालांकि, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का शेयर इस दौरान 12 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। इसका शेयर 16 जुलाई को 654.10 पर था जबकि 18 जुलाई, 2023 को इसका भाव 582 रुपये था।

### निवेश के क्षेत्र

घरेलू बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है। लेकिन हाल के दिनों में इन सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उनके निवेश का सिर्फ आठ से 10 प्रतिशत ही बुनियादी ढांचा क्षेत्र में है जो वैश्विक मानकों की तुलना में बहुत कम है।

## देश का तेल खली निर्यात जून में बढ़ा

**नई दिल्ली।** सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए। हालांकि, एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में प्रतिशत घटकर 11,02,632 टन रह गया।

## फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड ने दी जानकारी

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां लेने वाला कोई नहीं

### *40 गुना अधिक नौकरियां*

*मिश्रा ने कहा, 'बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं।'*

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि लगभग 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यहां कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी अगले पांच साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां करीब 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा, 'केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।'




### गिफ्ट सिटी में वृद्धि की उम्मीद

मिश्रा ने कहा, 'हम गिफ्ट सिटी में काफी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रतिभा की कमी है। आज बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र की लगभग 628 कंपनियों के कार्यालय गिफ्ट सिटी में हैं। उन्होंने कहा, "अगले पांच साल में वहां लगभग 1.5 लाख लोगों की जरूरत होगी। ये नौकरियां ज्यादातर वितरण और प्रबंधन के क्षेत्र में होंगी। इससे प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की काफी मांग होगी।'



### 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर

एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है। मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में, भारत में 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर हैं जबकि पूरी दुनिया भर में इनकी संख्या 2.23 लाख है। भारत में 2030 तक लगभग 10,000 सीएफपी होंगे जबकि मांग के कारण जरूरत 1,00,000 की होगी। भारत में व्यक्तिगत वित्त को नजरअंदाज किया गया। लोगों ने सोचा कि वित्तीय नियोजन बड़े लोगों के लिए है। लेकिन, वास्तव में, धन प्रबंधन बड़े लोगों के लिए है जबकि वित्तीय योजना सभी के लिए है। हमें वित्तीय रूप से शिक्षित होने की जरूरत है।'

- 46.86 लाख नौकरियां सृजित, 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं
- नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें

### क्षमता निर्माण की पहल

मिश्रा ने घोषणा की कि एफपीएसबी इंडिया और भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद ने मंगलवार को वित्तीय नियोजन और निवेश सलाहकार सेवाओं में पेशेवरों के लिए लक्षित क्षमता निर्माण पहल की एक श्रृंखला शुरू करने के लिए रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि इसके तहत आईआईएमए और एफपीएसबी इंडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेंगे, व्यावहारिक अनुसंधान करेंगे और समसामयिक विषयों पर पेशेवरों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करेंगे।

## आवास, वाणिज्यिक संपत्ति कारोबार का विस्तार करेगी डीएलएफ : सिंह

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं के विकास के लिए अपने कारोबार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह ने बुधवार को कहा कि कंपनी वृद्धि के अवसरों का लाभ उठाने के लिए मुंबई और गोवा जैसे नए बाजारों में उतरने जा रही है। सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए संदेश में कहा कि कंपनी आगे भी कॉरपोरेट प्रशासन, परिचालन उत्कृष्टता और कंपनी के संस्थापकों के मूल्य को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है। इसी विश्वास के साथ हम मुंबई और गोवा जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि कंपनी दिल्ली-एनसीआर में नई परियोजनाएं शुरू करना जारी रखे हुए है।



- हमारे उत्पादों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही

## लोरियल ने बच्चों के लिए शुरू की परियोजना

**चंडीगढ़।** लोरियल इंडिया ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अपने बद्दी संयंत्र के पास रहने वाले प्रवासी समुदायों के वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने के लिए एक पहल शुरू की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में लोरियल इंडिया ने 'प्रोजेक्ट उड़ान' शुरू किया गया है। इसमें स्कूल की तैयारी और आधारभूत शिक्षा को बढ़ावा देने के कार्यक्रम शामिल हैं। इस पहल के जरिये से लोरियल इंडिया 2024-2025 में हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में 4,000 बच्चों को सहायता मुहैया करने को प्रतिबद्ध है।

**सूचना**

मैं, नीतु पत्नी श्री रोहित बालेन निवासी म. नं. 735/सी, सोनीपत रोड, रोहतक, हरियाणा बयान करती हूं कि भविष्य में सभी प्रयोजनों हेतु मैंने अपना नाम नीतु से बदलकर नीतु बालेन रख लिया है।

**सूचना**

मैं, रोहताश सिंह पुत्र स्व. श्री होशीयार सिंह निवासी मकान नं. 112/3, शितल पुरी कॉलोनी, नरवाना रोड, जिला जीन्द, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नवदीप सिंह व उसकी पत्नी पुजा रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**Notice regarding Re-Auction of Parking/Bara by Red Cross Society, Narnaul for 2024-25 of previous e-auction Id 2024_HR _803 via Re-Auction ID 2024_HR_818.**

Applications are invited from individuals or firm for the allotment of Bara/Parking of impounded vehical in the following 8 blocks in District Mahendergarh :- Mahendergarh, Kanina, Nangal Choudhary, Sihma, Nizampur, Satnali, Ateli, Narnaul. The date of live RE-Auction is 24-07-2024 from 11.00 AM to 04.00 PM. The last date & time for submission of online documents is 05.00 PM on 22-07-2024.

For further detail, terms and conditions and to apply for the same application are advised to reach the website url https//eauction.gov.in. Terms and condition are also available at www.redcrossnarnaul.org

Note :- All applicants who had applied through the previous e-auction Id 2024_HR_803 have to apply fresh application.

**Secretary, Indian Red Cross Society, Distt. Branch, Narnaul**

## क्षेमा की एआई-कुशल ऐप से अब फसल बीमा खरीदना और भी आसान

क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने किसानों के लिए इस खरीफ सीजन, सुकृति के साथ प्रकृति फसल बीमा की खरीदी को अब और भी आसान बना दिया है। किसानों की सुविधा के लिए कंपनी ने क्षेमा प्लेटफॉर्म को अपडेट किया है। इसके तहत भारत के करोड़ों किसानों को अब और तेज और बेहतर सेवाएँ मिलेंगी। सुकृति फसल बीमा बेहद किफायती कीमतों पर फसल सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें दो जोखिमों तक के लिए केवल 499 रुपए प्रति एकड़ की शुरुआती दर पर फसल बीमा उपलब्ध है। क्षेमा प्लेटफॉर्म किसानों द्वारा आसान और सहज उपयोग के लिए क्षेमा ऐप पेश करता है, जो एआई तकनीक द्वारा संचालित है, जो गतिशील मूल्य निर्धारण, अंडरराइटिंग, खेत की निरंतर निगरानी और तेज क्लेम सेटलमेंट जैसी सुविधाएँ प्रदान करता है।

**क्षेमा इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म से किसानों के लिए फसल बीमा खरीदने से लेकर दावों के समाधान तक सब कुछ सुलभ होगा**

## एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान सात प्रतिशत पर रखा बरकरार

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ ने अप्रैल में इसके अप्रैल 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ी।




## प्रतिष्ठित जीप रैंगलर अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ : ऋतिक रोशन

**नई दिल्ली।** दुनिया अभी भी प्रतिष्ठित जीप रैंगलर से मोहित है, जीप ने ऋतिक रोशन के साथ अपने नवीनतम अभियान के साथ एक बार फिर ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करने के महत्व पर प्रकाश डालता है, एक ऐसी गुणवत्ता जो भारत में लॉन्च होने के समय से ही अब तक कायम है। रितिक रोशन, जो अपने समर्पण और निरंतर आत्म-सुधार के लिए जाने जाते हैं, वे इस जीप की भावना से पूरी तरह मेल खाते हैं। अभियान से पता चलता है कि जीप सिर्फ एक वाहन नहीं है बल्कि बेजोड़ प्रदर्शन और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसकी टैगलाइन, 'द वन एंड ओनली' के साथ, जीप एक बहुत ही सूक्ष्म लेकिन आत्मविश्वासपूर्ण रुख अपनाती है, आत्मविश्वास के साथ बताती है कि जीप रैंगलर एक ऐसे मानक पर पहुंच गया है जिसका मुकाबला करना कठिन है। यह अभियान केवल एक एसयूवी के बारे में नहीं है; यह शीर्ष पर बने रहने के अभियान का जश्न मनाने के बारे में है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जीप रैंगलर आज भी अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनी हुई है।'

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Aashima Garg Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Gupta Pacage Industries through Atul Gupta
Vs.
M/s Fine Mattel Indian through Rajpal
CNR No. HRJRA0-000672-2018
Next Date:- 27-09-2024
PUBLICATION ISSUED TO :
M/s Fine Mattel Indian through Rajpal :-Plot no 11 Industrial Area II Chandigarh through its Prop Sh Rajpal
In above titled case, the defendant (s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 27.09.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Dated, this day of 16-07-2024

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक कुमार सैनी, पुत्रः** श्री लेहाना सिंह, **पताः** 1791, सेक्टर – 3, कुरुक्षेत्र, हरियाणा – 136119 ने मुकदमा **Court Case No. 2175/2020, U/s 138 NI ACT, थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार सैनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार सैनी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **Court Case No. 2175/2020, U/s 138 NI ACT, थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार सैनी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
अति. मुख्य महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर)
कमरा सं. 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/9295/NW/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त/विपक्षी के नाम सम्मन**
(धारा 68, अनुसूची 5 प्रपत्र सं0 1)
न्यायालय - ADJ/FTC 1
जनपद- कन्नौज
क्रि.रि. न.- 58/ वर्ष 2022
**अभय टंडन**
बनाम
**धर्मवीर** P/s- कन्नौज

**धर्मवीर** पुत्र हवा सिंह निवासी म०नं०-314 धानी तोवाफ़त, ज़िला फतेहाबाद (हरियाणा) चूंकि आपकी उपस्थिति उक्त अपराध के आरोप का उत्तर देने के लिये आवश्यक है अतएव आपको एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि आप स्वयं / अधिवक्ता द्वारा उपर्युक्त न्यायालय के समक्ष दिनांक 20-7-24 को उपस्थित हों। ऐसा करने में त्रुटि न हो।

दिनांकित -01/07/2024
हस्ताक्षर
अपर ज़िला जज/
एफ़०टी०सी० प्रथम

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल, झज्जर**

**E- Auction**

**(Auction ID : 2024_HR_816)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला जेल, झज्जर के स्टॉक में उपलब्ध 300 क्विंटल सरसों की खल की बिक्री ई-ऑक्शन के माध्यम से की जानी है जिसके लिए ऑनलाईन प्रक्रिया दिनांक 18.07.2024 से शुरू हो रही है। इच्छुक बोलीदाता को क्लास-3 डिजिटल सिग्नेचर स्वयं बनवाना होगा तथा https://eauction.gov.in पर जाकर स्वयं अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन करना होगा। इच्छुक बोलीदाता को 50000-00 रूपये सिक्योरिटी राशि का बैंक ड्राफ्ट Superintendent Jail, District Jail, Jhajjar के पक्ष में व राशि 1180-00 रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट SOCIETY FOR IT INITIATIVE FUND FOR E-GOVERNANCE के पक्ष में बनवाना होगा। ऑक्शन की सभी शर्तें https://eauction.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।

हस्ता/-अधीक्षक जेल,
जिला जेल, झज्जर
पीआरडीएच-1277/11/70/2025/27902/88/6 दि. 17.07.24

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**


**ज्योतिष**

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5575



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

**शब्द पहेली-5574 का हल**





पेरिस ओलंपिक-2024

**26 जुलाई से 11 अगस्त**

**19** दिन चरम पर रहेगा खेलों का रोमांच, **10500** खिलाड़ी लेंगे भाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| एथलेटिक्स - 29 | तीरंदाजी - 6 | बैडमिंटन - 7 | बॉक्सिंग - 6 |
| अश्वारोही - 1 | गोल्फ - 4 | हॉकी - 19 | जूडो - 1 |
| रोइंग - 1 | शूटिंग - 21 | तैराकी - 2 | नौकायन-2 |
| टेबल टेनिस - 8 | टेनिस - 3 | भारोत्तोलन - 1 | कुश्ती - 6 |

2024 के पेरिस ओलंपिक खेल, 24 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होंगे। हालांकि अधिकारिक उद्घाटन 26 जुलाई को होगा। यह फ्रांस में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस संस्करण को आधिकारिक रूप से XXXIII ओलंपियाड के रूप में जाना जाता है। 19 दिन चलने वाले खेलों में कई नए इवेंट्स, फॉर्मेट परिवर्तन और स्थिरता तथा युवा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पेरिस खेलों में भारत के 117 एथलीट हिस्सा लेंगे, जबकि 140 सहायक स्टाफ भी ओलंपिक के लिए जाएंगे। हालांकि, गोला फेंक एथलीट आभा खुटाआ का नाम इसमें शामिल नहीं है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति दी है। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है।

# अब पेरिस में फहरा दो तिरंगा

विनोद गौतम

*पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की सूची बुधवार को जारी हो गई। इस बार देश के 117 खिलाड़ी पेरिस में दमखम दिखाएंगे। पिछले ओलंपिक की तरह से इस बार भी पदकों की सबसे ज्यादा उम्मीद हरियाणा से रहेगी। भारतीय दल में हरियाणा के 24 खिलाड़ी शामिल हैं। कुश्ती और निशानेबाजी में हरियाणा के छह-छह खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पिछले टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पदक जीते थे, जिसमें से एक गोल्ड समेत 4 मेडल हरियाणा के खाते (करीब 65 फीसदी) से थे। इस बार भी भारतीय दल में हरियाणा के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 21 फीसदी है।*



**24** खिलाड़ी हरियाणा के इस बार

**21** फीसदी हिस्सेदारी कुल दल में

**65** फीसदी पदक जीते थे टोक्यो में

## दूध दही के खाणे से फिर बड़ी उम्मीदें

### कुश्ती, बॉक्सिंग व शूटिंग में सबसे ज्यादा म्हारे लाडले-लाडलियां


रितिका हुड्डा (कुश्ती)


अनीश भनवाला (शूटिंग)


निशांत देव (बॉक्सिंग)


संजय (हॉकी)


निशा दहिया (कुश्ती)


सरबजोत सिंह (शूटिंग)


अंशु मलिक (कुश्ती)


बलराज पंवार (रोइंग)


सुमित (हॉकी)


अमन सहरावत (कुश्ती)


रमीता जिंदल (शूटिंग)


भजन कौर (ऑर्चरी)


अभिषेक (हॉकी)


रिदम सांगवान (शूटिंग)


रेजा ढिल्लों (शूटिंग)


प्रीति पंवार (बॉक्सर)


दिक्षा डागर (गोल्फ)


किरण पहल (एथलीट)

## इस बार 117 खिलाड़ी करेंगे जोर-आजमाइश

1. सर्वेश कुशारे: पुरुषों की ऊंची कूद
2. नीरज चोपड़ा: पुरुषों की भाला फेंक
3. किशोर कुमार जेना: पुरुषों की भाला फेंक
4. अविनाश साबले: पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़
5. पारुल चौधरी: महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़
6. अक्षदीप सिंह: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक
7. विकास सिंह: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक
8. तजिंदरपाल सिंह तूर: पुरुषों का शॉट पुट
9. परमजीत बिष्ट: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक
10. सूरज पंवार: पुरुषों की 20 किमी रेसवॉक मिश्रित रिले
11. प्रियंका गोस्वामी: मिश्रित मैराथन रेसवॉक
12. मुहम्मद अजमल वरियाथोडी: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
13. संतोष तमिलरासन: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
14. राजेश रमेश: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
15. अमोज जैकब: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
16. मुहम्मद अनस याहिया: पुरुषों की 4x400 मीटर रिले
17. अब्दुल्ला अबूबकर: पुरुषों की ट्रिपल जंप
18. प्रवीण चित्रवेल: पुरुषों की ट्रिपल जंप
19. जेसविन एल्ड्रिन: पुरुषों की लंबी कूद
20. अन्नू रानी: महिला भाला फेंक
21. पहल किरण: 400 मीटर, 4x400 मीटर रिले
22. ज्योति याराजी: महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़
23. अंकिता: महिलाओं की 5000 मी
24. ज्योतिका श्री दांडी: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
25. पूवम्मा राजू मचेतिरा: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
26. सुभा वेंकटेशन: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
27. विथ्या रामराज: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले
28. प्राची: रिजर्व एथलीट
29. मिजो चाको: रिजर्व एथलीट

**तीरंदाजी**

30. धीरज बोम्मदेवरा
31. तरूणदीप राय
32. प्रवीण जाधव
33. दीपिका कुमारी
34. भजन कौर
35. अंकिता भक्त

**बैडमिंटन**

36. पीवी सिंधु: महिला एकल
37. अश्विनी पोनप्पा: महिला युगल
38. तनीषा क्रैस्टो: महिला युगल
39. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी: पुरुष युगल
40. चिराग शेट्टी: पुरुष युगल
41. एचएस प्रणॉय: पुरुष एकल
42. लक्ष्य सेन: पुरुष एकल

**बॉक्सिंग**

43. निकहत जरीन: महिला 50 किग्रा
44. प्रीति पवार: महिला 54 किग्रा
45. जैस्मिन लेम्बोरिया: महिला 57 किग्रा
46. लवलिना बोर्गोहेन: महिला 75 किग्रा
47. अमित पंघाल: पुरुष 51 किग्रा
48. निशांत देव: पुरुष 71 किग्रा

**घुड़सवार**

49. अनुश अग्रवाल: व्यक्तिगत ड्रेसेज

**गोल्फ़**

50. शुभंकर शर्मा: पुरुष व्यक्तिगत
51. गगनजीत भुल्लर: पुरुष व्यक्तिगत
52. अदिति अशोक: महिला व्यक्तिगत
53. दीक्षा डागर : महिला व्यक्तिगत

**हॉकी**

54. पीआर श्रीजेश
55. हरमनप्रीत सिंह
56. जरमनप्रीत सिंह
57. हार्दिक सिंह
58. विवेक सागर प्रसाद
59. मनदीप सिंह
60. शमशेर सिंह
61. अभिषेक
62. ललित कुमार उपाध्याय
63. राजकुमार पाल
64. सुखजीत सिंह
65. अमित रोहिदास
66. गुरजंट सिंह
67. मनप्रीत सिंह
68. सुमित
69. नीलकंठ सिंह
70. संजय
71. जुगराज सिंह
72. कृष्ण पाठक

**जूडो**

73. तूलिका मान: महिला 78 किग्रा+ वर्ग

**रोइंग**

74. बलराज पंवार: पुरुषों की सिंगल स्कल्स

**नाव चलाना**

75. विष्णु सरवनन: पुरुषों की डोंगी
76. नेथ्रा कुमानन: महिलाओं की डोंगी

**शूटिंग**

77. सरबजोत सिंह: पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल
78. अर्जुन सिंह चीमा: पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल
79. अर्जुन बाबूता: पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल
80. संदीप सिंह: पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल
81. ऐश्वर्य प्रताप तोमर: पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी
82. स्वप्निल कुसाले: पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी
83. अनीश भानवाला: पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर

**पिस्टल**

84. विजयवीर सिद्धू: पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल
85. अनंत जीत सिंह नरुका: पुरुषों की स्कीट
86. पृथ्वीराज टोंडिमन: पुरुषों का जाल
87. मनु भाकर: 25 मीटर पिस्टल, 10 मीटर पिस्टल
88. ईशा सिंह: महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल
89. राजेश्वरी कुमारी : स्त्री जाल
90. श्रेयसी सिंह: महिलाओं का जाल
91. एलावेनिल वलारिवन: 10 मीटर एयर राइफल
92. रमिता: महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल
93. सिफ्त कौर समरा: 50 मीटर राइफल 3पी
94. अंजुम मौदगिल: महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी
95. रायज़ा ढिल्लों: महिला स्कीट
96. माहेश्वरी चौहान: महिला स्कीट
97. रिदम सांगवान: महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल।

**तैराकी**

98. श्रीहरि नटराज: पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक
99. ढिंढी देसिंघु: महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल

**टेबल टेनिस**

100. मनिका बत्रा
101. श्रीजा अकुला
102. अर्चना गिरीश कामथ
103. अयहिका मुखर्जी (रिजर्व एथलीट)
104. शरथ कमल
105. हरमीत देसाई
106. मानव ठक्कर
107. जी साथियान

**टेनिस**

108. रोहन बोपन्ना: पुरुष युगल
109. श्रीराम बालाजी: पुरुष युगल
110. सुमित नागल: पुरुष एकल

**भारोत्तोलन**

111. मीराबाई चानू: महिला 49 किग्रा

**कुश्ती**

112. अंतिम पंघाल: महिला 53 किग्रा
113. विनेश फोगाट: महिला 50 किग्रा
114. अंशू मलिक: महिला 57 किग्रा
115. निशा: महिला 68 किग्रा
116. रीतिका हुडा: महिला 76 किग्रा
117. अमन सहरावत: पुरुष 57 किग्रा

### क्या पहलवान जारी रख पाएंगे जीत का सिलसिला

भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक में पदक जीता है और पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे पहलवानों के लिए इस सिलसिले को जारी रखना बड़ी चुनौती होगी। लगातार चार ओलंपिक में सफलता के बाद कुश्ती भारत का प्रमुख खेल बन गया। इस बीच उसने सीनियर ही नहीं जूनियर स्तर पर भी अच्छी सफलताएं हासिल की। वह सुशील कुमार थे जिन्होंने 2008 में कांस्य पदक जीत कर भारत में कुश्ती का परिदृश्य बदला। इसके चार साल बाद लंदन ओलंपिक में उन्होंने रजत पदक हासिल किया जबकि योगेश्वर दत्त ने कांस्य पदक जीता।

### गोला फेंक एथलीट आभा का नाम सूची से गायब

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गोला फेंक एथलीट आभा खटुआ ने हाल में परिवार में हुए हादसे के बावजूद ओलंपिक में भाग लेने का फैसला किया था लेकिन उनका नाम पेरिस जाने वाले भारतीय दल से गायब है और अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है कि उनका नाम सूची से क्यों हटा दिया गया। आभा 11 जुलाई को अपने अन्य साथियों के साथ भारत के ओलंपिक जाने वाले एथलेटिक्स दल के 'बेस' तुर्किये के स्पाला के लिए गई थीं। लेकिन अगले ही दिन विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी ट्रैक और फील्ड ओलंपिक प्रतिभागियों की सूची में उनका नाम नहीं था। विश्व रैंकिंग के जरिये पेरिस के लिए क्वालीफाई करने वाली 29 वर्षीय आभा का नाम फिर खेल मंत्रालय द्वारा मंजूर 117 सदस्यीय भारतीय दल से भी नदारद था।

### तीन नए मिक्स्ड इवेंट भी शामिल

चार ऐसे खेल हैं, जो ओलंपिक में नए हैं। इसमें ब्रेकिंग (ब्रेक डांसिंग) डेब्यू करेगा जबकि स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइंबिग व सर्फिंग सिर्फ दूसरी बार होंगे। इन्हें टोक्यो में पहली बार शामिल किया गया था। वेटलिफ्टिंग से चार इवेंट हटा दिए हैं। केनोइंग में दो स्लेलम की जगह दो स्प्रिंट इवेंट शामिल किए हैं। सेलिंग में दो नई कैटेगरी जोड़ी गई हैं। इस बार तीन नए मिक्स्ड इवेंट शामिल किए गए हैं- एथलेटिक्स में 35 किमी वॉकिंग मिक्स्ड रिले, शूटिंग में स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट, सेलिंग में मिक्स्ड डिंगी।

### नारंग होंगे दल के प्रमुख

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है,'ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं, जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।' खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी है। उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है।'

### 3 ओलंपिक की मेजबानी करने वाला दूसरा शहर

पेरिस 3 ओलंपिक की मेजबानी करने वाला दूसरा शहर होगा। इससे पहले लंदन में 3 ओलंपिक हो चुके हैं। पेरिस में इससे पहले ओलिंपिक साल 1900 व 1924 में हुए थे जबकि लंदन ने 1908, 1948, 2012 में मेजबानी की थी। पेरिस में 100 साल बाद समर गेम्स हो रहे हैं, जिसका मोटो है- ₹गेम्स वाइड ओपन'। यानी खेल ज्यादा विशाल, अलग और ज्यादा ओपन। ओपनिंग सेरेमनी स्टेडियम के बजाय नदी किनारे होगी। सेरेमनी में 6 लाख फैंस के पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें से 2 लाख 22 हजार टिकट फ्री बांटे गए हैं। सिर्फ ओपनिंग को ही दुनियाभर में करीब 150 करोड़ लोग टीवी पर देखेंगे। 17 दिन के इवेंट के लिए आयोजकों ने 1 करोड़ टिकट निकाले, जिसमें से 90 लाख टिकट बिक चुके हैं।

### मेडल में एफिल टॉवर का मेटल लगा

गेम्स के लिए पेरिस की लग्जरी जूलरी फर्म ने 5084 मेडल बनाए हैं। हर मेडल में एफिल टावर का 18 ग्राम मेटल भी मिलाया गया है। मेडल पर ग्रीक देवी नाइकी, 1896 में पहले ओलिंपिक की मेजबानी करने वाले स्टेडियम और एफिल टॉवर बनाए गए हैं। इन मेडल का वजन 455 से 529 ग्राम तक है। ओलिंपिक 2024 एरिया के लिहाज से भी सबसे बड़ा ओलिंपिक होगा। इसके गेम्स पेरिस समेत 16 अन्य शहरों में भी खेले जाएंगे। इसके कुछ वेन्यू मेजबान शहर पेरिस से 10 किमी से 700 किमी तक दूर हैं। ओलिंपिक सर्फिंग का आयोजन तो फ्रांस के विदेशी क्षेत्र में किया जाएगा। ऐसा ओलिंपिक इतिहास में पहली बार होगा। फ्रेंच पोलिनेशिया स्थित ताहिती का तेहुपो'ओ बीच सर्फिंग का वेन्यू है, जो पेरिस से 15,716 किमी व 12 टाइम जोन दूर है।

### ओपनिंग सेरेमनी

समर ओलंपिक के इतिहास में पहली बार ओपनिंग सेरेमनी किसी स्टेडियम में नहीं बल्कि नदी के किनारे होगी। करीब 3 घंटे की सेरेमनी में 3 हजार आर्टिस्ट परफॉर्म करेंगे। पेरिस 26 जुलाई को सीन नदी में बोट परेड के साथ गेम्स की शुरुआत करेगा।

# एथलेटिक्स में पहला पदक, हॉकी में स्वर्ण की बारिश, भारत ने अब तक जीते 35 मेडल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने वाली है। 206 देशों के एथलीट्स खेलों के सबसे बड़े मंच पर मेडल्स के लिए दावेदारी पेश करेंगे। भारत का भी 117 एथलीट्स का दल पेरिस जाएगा। ओलंपिक खेलों में भारत का इतिहास 124 साल पुराना है। उन्होंने 27 बार इन खेलों में हिस्सा लिया। भारत ने पहली बार साल 1900 में इन खेलों में हिस्सा लिया था। उस साल भी ओलंपिक खेलों का आयोजन पेरिस में ही हुआ था। 124 सालों में भारत ने इन खेलों में बहुत कुछ हासिल किया।

### प्रिटकार्ड ने जीते दो रजत

ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1896 में हुई थी लेकिन भारत ने सबसे पहले 1900 में ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया। 1900 में केवल एक ही खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था जिनका नाम नॉर्मन प्रिटकार्ड था। उन्होंने देश के लिए दो पदक जीते हैं। प्रिटकार्ड ने 200 मीटर और 200 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीता था। इन पदक को ओलंपिक एसोसिएशन के मुताबिक भारत के खाते में गिना जाता है जबकि वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक यह पदक ब्रिटेन के खाते में हैं।

### भारत ने पहली बार साल 1900 में लिया था हिस्सा



### टोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 टोक्यो ओलंपिक में किया। टोक्यो में भारत ने सात पदक जीते। भारत को एथलेटिक्स में एक, वेटलिफ्टिंग में एक, हॉकी में एक, बॉक्सिंग में एक, बैडमिंटन में एक और रेसलिंग में दो पदक जीते।



| खेल | नाम | पदक |
|---|---|---|
| एथलेटिक्स | नीरज चोपड़ा | स्वर्ण |
| रेसलिंग | रवि दहिया | रजत |
| | बजरंग पूनिया | कांस्य |
| बॉक्सिंग | लवलिना बोरगोहेन | कांस्य |
| वेटलिफ्टिंग | मीराबाई चानू | रजत |
| बैडमिंटन | पीवी सिंधू | कांस्य |
| हॉकी | पुरुष टीम | कांस्य |

### भारत के ओलंपिक पदक

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| हॉकी | 8 | 1 | 3 | 12 |
| रेसलिंग | – | 2 | 5 | 7 |
| शूटिंग | 1 | 2 | 1 | 4 |
| एथलेटिक्स | 1 | 2 | – | 3 |
| बॉक्सिंग | – | – | 3 | 3 |
| वेटलिफ्टिंग | – | 1 | 1 | 2 |
| टेनिस | – | – | 1 | 1 |

### हॉकी में भारत ने जीते 12 पदक

भारत को सबसे ज्यादा पदक हॉकी में मिले हैं। भारत ने इस खेल में 12 पदक जीते हैं। इन 12 पदक में भारत ने 8 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। भारत को पहला पदक 1928 के ओलंपिक में मिला था जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। वहीं उन्होंने 41 साल के सूखे के बाद टोक्यो ओलंपिक खेलों में भी कांसय पदक जीता था।

### 10 स्वर्ण, 9 रजत, 16 कांस्य

भारत ने अब तक ओलंपिक में 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य समेत कुल 35 पदक जीते हैं। यह 35 पदक उन्होंने 8 अलग-अलग खेलों में जीते। भारत ने हॉकी में 12, शूटिंग में चार, एथलेटिक्स में तीन, रेसलिंग में सात, बैडमिंटन में तीन, वेटलिफ्टिंग में दो, बॉक्सिंग में तीन और टेनिस में एक पदक जीता है।

भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता हैं दीपा मलिक

# दीपा मलिक एपीसी में बनीं दक्षिण एशिया की प्रतिनिधि

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।



दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा।

### ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार हैं सूरज



**नई दिल्ली।** बचपन से ही विपरीत परिस्थितियों का सामना करने वाले पैदल चाल के एथलीट सूरज पंवार मिश्रित स्पर्धा के लिए जोड़ीदार नहीं होने के भी बावजूद अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पंवार को बचपन से ही उतार चढ़ाव वाली जिंदगी जीने का अनुभव है। यह 23 वर्षीय एथलीट जब शिशु था तब उनके फॉरेस्ट गार्ड पिता उदय सिंह पंवार पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने की कोशिश करते हुए ड्यूटी के दौरान मारे गए थे। उनकी मां पूनम ने उन्हें अकेले ही पाला, जो देहरादून के पास एक गांव में वन विभाग की नर्सरी में काम करती थीं।

### बावा को विश्व जूनियर स्क्वाश में कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद ज़कारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता ज़कारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11 5-11 9-11 से हार गए। कुश कुमार (2014 में) के बाद बावा विश्व जूनियर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।

## चिंतन

# मॉरीशस को चागोस द्वीप पर भारत का समर्थन

विदेश मंत्री एस जयशंकर की मॉरीशस यात्रा कूटनीतिक व सामरिक लिहाज से अहम है। भारत और मॉरीशस के संबंध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक हैं। जयशंकर अपनी इस यात्रा के दौरान मॉरीशस और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रहे चागोस द्वीप समूह को लेकर विवाद में भारत ने खुलकर मॉरीशस का पक्ष लिया है और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन किया है। भारत के यूके से भी बेहतर संबंध हैं व अमेरिका से भी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत व मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंध बेहद मजबूत हैं। चागोस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जयशंकर ने मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए इसके महत्व पर चर्चा की है। मॉरीशस चागोस द्वीप समूह को अपना हिस्सा मानता है और उस पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, जबकि इस पर कब्जा ब्रिटेन का है। ब्रिटेन ने इस द्वीप समूह को संयुक्त राज्य अमेरिका को सैन्य अड्डा बनाने के लिए किराए पर दे दिया था, तब से विवाद जारी है। भारत ने मंगलवार को चागोस द्वीप समूह के मुद्दे पर मॉरीशस को अपना समर्थन दोहराया, जिसकी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र ने तुरंत सराहना की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ बातचीत के लिए दो दिन के दौरे पर रहे। ये आपसी संबंध हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। चागोस द्वीप समूह को लेकर भारत ने अपना पक्ष रखकर बड़ा कूटनीतिक संदेश दिया है। जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ एक कार्यक्रम में कहा कि चागोस के मुद्दे पर भारत उपनिवेशवाद के उन्मूलन और राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने मुख्य रुख के अनुरूप मॉरीशस को अपना निरंतर समर्थन जारी रखेगा। भारत ने हमेशा उपनिशेववाद के अंत, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा पर बल दिया है। चागोस द्वीप समूह 60 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला 58 द्वीपों से बना एक प्रवालद्वीप समूह है, जो मॉरीशस के मुख्य द्वीप से लगभग 2,200 किमी उत्तर-पूर्व में और तिरुवनंतपुरम से लगभग 1,700 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। चागोस द्वीप समूह 18वीं शताब्दी से मॉरीशस गणराज्य का हिस्सा रहा है, जब यह एक फ्रांसीसी उपनिवेश था और इसे आइल डी फ्रांस के नाम से जाना जाता था। हिंद महासागर में स्थित इस द्वीप समूह पर ब्रिटेन ने 1814 में मॉरीशस के साथ दावा किया था। 1966 में ब्रिटेन ने चागोस द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया को अमेरिका को पट्टे पर दे दिया, जो इस क्षेत्र में एक सैन्य अड्डा बनाने की मांग कर रहा था। इस कदम के कारण 1960 और 1970 के दशक में लगभग 2,000 चागोसियन को जबरन हटा दिया गया, जिन्हें सैकड़ों मील दूर मॉरीशस और सेशेल्स में भेज दिया गया। चागोसियन जो ज्यादातर 18वीं शताब्दी में द्वीपों पर लाए गए अफ्रीकी दासों के वंशज हैं। वे तब से अपने देश लौटने के अधिकार के लिए लंबी कानूनी लड़ाई में लगे हुए हैं। चागोस को लेकर भारत पहले से मॉरीशस का समर्थन करता रहा है। उपनिवेश होने का दर्द भारत जानता है। चागोस को लेकर मॉरीशस को भारत के समर्थन का सामरिक महत्व भी है कि इस क्षेत्र में भारत के सैन्य रूप से और मजबूत होने का मार्ग प्रशस्त होगा। हिंद महासागरीय देश भारत के सामरिक ताकत के लिए अहम हैं।

## मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल



# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कुचलना आवश्यक

जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान सोमवार रात सुरक्षाबलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक अफसर समेत चार जवान शहीद हो गए हैं। एक माह के भीतर आतंकी वारदातों में हमारे 12 जांबाज जवान व अफसर तथा नौ आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जिस तरह पाकिस्तान परस्त आतंकी जम्मू-कश्मीर में लगातार सैन्य वाहनों और सैनिकों पर ताबड़तोड़ हमले कर खून खराबा कर रहे हैं उससे पता चलता है कि पाक पोषित आतंकवादियों का इन दिनों हौसला कितना बढ़ गया है। इसे तत्काल कुचलने की जरूरत है, हम अपने जवानों की शहादत को यूं ही जाया होने नहीं दे सकते।

मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी फौज ने भागते समय अफगानिस्तान में जो आधुनिक हथियार छोड़े थे, वे अफगानिस्तान से पाकिस्तान के दहशतगर्दों के जरिए भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यही कारण हैं कि वे हथियार अब आतंकियों तक पहुंच रहे हैं और उन्हीं का उपयोग हमारी सेना को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है और हमारे सैनिकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इस ताज़ा वारदात में बीते सोमवार की शाम डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा है।

बढ़ते आतंकी हमलों में के बाद सरकार को गंभीरता से सख्त कार्रवाई और आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए नई स्ट्रेटजी तैयार करनी चाहिए। जब इजराइल आतंकी गुट हमास को खत्म करने के लिए गाजा में कार्रवाई कर रहा है, तो भारत को भी आतंकवाद की जड़ों को खत्म करने के लिए सैन्य कदम क्यों नहीं उठाना चाहिए? 9 जून को आतंकियों ने जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया, जिसमें 9 लोग मारे गए। फिर, आतंकियों ने कठुआ में 8 जुलाई को सेना की गाड़ी को टारगेट किया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

नौशेरा में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की, हालांकि वह नाकामयाब रही। लेकिन 16 जुलाई यानी की आज आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 4 जवान शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। पिछले एक महीने के अंदर आतंकी 7 बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके जिनमें 12 जवान शहीद हुए हैं और 9 आम नागरिकों की मौत हुई है। 11 जून को जम्मू कश्मीर के कठुआ के एक गांव में आतंकी घुस आए थे। इसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। कठुआ जिले के गांव में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शुरू हुआ था। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना के अस्थायी ऑपरेटिंग बेस पर 12 जून को आतंकियों ने गोलीबारी की थी। इस दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इसके साथ ही एक नागरिक घायल भी हो गया था। रियासी और कठुआ के बाद जम्मू इलाके में यह तीन दिनों में तीसरा आतंकी हमला था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के दो गावों में 6 जुलाई को हुए एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हो गए थे। गोली में लांस नायक प्रदीप नैन (पैरा कमांडो) और आरआर के हवलदार राज कुमार शहीद हुए थे। राजौरी के नौशेरा सेक्टर में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। जम्मू कश्मीर के राजौरी में 7 जुलाई को सेना के शिविर पर आतंकी हमला हुआ था।

मौजूदा घटना के बाद सेना की अन्य टीमें भी मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। हालांकि, आतंकियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। कश्मीर टाइगर्स जैश का ही संगठन है, जिसने कठुआ में जवानों के काफिले पर हमले की जिम्मेदारी ली थी।आतंकियों की तलाश के लिए हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। दरअसल, यहां आतंक विरोधी अभियान चलाना सबसे चुनौतीपूर्ण और कठिन माना जाता है। पिछले एक महीने से जम्मू के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पहाड़ी इलाकों में ही आतंकियों का ज्यादा मूवमेंट है। यहां आतंकियों के अड्डे होने की खबरें हैं। जम्मू के तीन-चार जिलों के पहाड़ी इलाके में 50 से 60 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। जरूरत इस बात की है कि भारत सरकार अपने सैनिकों को आधुनिक हथियार उपलब्ध कराने के साथ ही इजराइल की तर्ज पर पाकिस्तान की सीमा से चल रहे आतंकवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकने की दिशा में आगे बढ़े। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को कुचलना आवश्यक है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं)



## दो टूक

उमेश चतुर्वेदी

# मिर्जापुर, जिसकी पहचान कुछ और

ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। जबकि असल में ऐसा नहीं है। (उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिर्जापुर की ही धरती पर ही बाबू देवकीनंदन खत्री ने चंद्रकांता की रचना की थी। सम्राट अशोक ने अशोक चिन्ह को जिस लाल पत्थर पर खुदवाया, वह सिर्फ मिर्जापुर में ही मिलता है। बौद्ध स्तूप हों या बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक, ज्यादातर मिर्जापुरी लाल पत्थर पर ही गढ़े गए हैं। मिर्जापुर में ही मां विंध्यवासिनी देवी का स्थान है। मिर्जापुर वह नहीं है, जो ओटीटी पर है।

ओवर द टॉप यानी ओटीटी का मशहूर प्रोग्राम है मिर्जापुर। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि इसका तीसरा सीजन दर्शकों के सामने हाजिर है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह इसके शुरूआती दो सीजन को दर्शकों का प्यार हासिल हुआ, एक बार फिर वैसा ही स्नेह हासिल करने में यह कामयाब रहेगा। मिर्जापुर की सफलता का राज है, इसका बोल्ड कथानक और संवाद। जिसमें ठेठ भोजपुरी अंदाज में गालियों की भरमार है, परिवार के बीच अविश्वसनीय लगने वाला व्यभिचार है। माफिया है, माफिया है तो गोली-बारूद भी होगा। वर्चस्व की जंग भी होगी और राजनीति से उसके काले रिश्ते भी होंगे। जब इतना कुछ होगा तो राजनीति की गोटियां भी होंगी। राजनीतिक उठापटक भी है और राजनीति को साधने के लिए धन, ताकत और यौनिकता का तड़का भी है। लेकिन इसमें कुछ नहीं है तो वह है मिर्जापुर। मिर्जापुर की ना तो इसमें मिठास है, ना ही संस्कृति है और ना ही इतिहास। इसलिए जो भी ओटीटी वाले मिर्जापुर से गुजरता है, वह मान लेता है कि मिर्जापुर की धरती त्रिपाठी परिवार जैसे माफियों की बारूद की गंध और गोली की आवाज के बीच ही कहीं अपना अस्तित्व बचाए हुए है, जहां परिवार के अंदर ही अवैध संबंधों की बहुलता है। जहां हर किसी की जिंदगी माफिया के ही इर्द-गिर्द घूमती रहती है। इसके पहले सीजन के सुपर हिट होते वक्त दिल्ली में तैनात एक दक्षिण भारतीय बड़े अधिकारी ने पूछ लिया था कि क्या मिर्जापुर ऐसा ही है, जहां हर व्यक्ति गालियां ही देता रहता है, जहां माफिया राज ही चलता रहता है।

ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। जाहिर है कि वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। मिर्जापुर के मूल निवासी एक बड़े पत्रकार ने तो अब इस बारे में सफाई देनी ही बंद कर दी है। आखिर कितने लोगों को वे बता सकते हैं कि मिर्जापुर वैसा ही नहीं है, जैसा ओटीटी के सीरीज में दिखाया जा रहा है। इसे संयोग ही कहेंगे कि मिर्जापुर से जुड़ी एक काल्पनिक रचना रही चंद्रकांता और दूसरी काल्पनिक रचना है मिर्जापुर सीरीज। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिर्जापुर की ही धरती पर रची गई चंद्रकांता। बाबू देवकीनंदन खत्री की यह रचना काल्पनिक होते हुए भी इतनी दिलचस्प है कि उसे अगर पढ़ना शुरू किया तो खत्म किए बिना छोड़ना आसान नहीं है। 1888 में यह रचना छपी थी, तब उसकी लोकप्रियता ऐसी थी कि उसे पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी तक सीखी। कुछ वैसी ही लोकप्रियता मिर्जापुर सीरीज की भी है। कुछ वैसी ही काल्पनिक सीरीज भी है। लेकिन चंद्रकांता और मिर्जापुर में एक अंतर है। चंद्रकांता मिर्जापुर की छवि को नए सिरे से गढ़ती है, जबकि मिर्जापुर उसे बदरंग बनाती है।

मिर्जापुर वैसा नहीं है, जैसा उसे सीरीज दिखाता है। मिर्जापुर की और भी पहचान है। यह बात और है कि




तकनीकी क्रांति के दौर में वह पहचान मिर्जापुर सीरीज जैसे प्रयासों के पीछे कहीं छुपती जा रही है। भारत राष्ट्र की अस्मिता की पहचान है अशोक चिन्ह। अशोक महान ने इसे जिस लाल पत्थर पर खुदवाया, वह सिर्फ मिर्जापुर में ही मिलता है। बौद्ध स्तूप हों या बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक, ज्यादातर मिर्जापुरी लाल पत्थर पर ही गढ़े गए हैं। सिर्फ देवकीनंदन खत्री ही नहीं, हिंदी साहित्य के कई अन्य दिग्गजों की जन्मभूमि मिर्जापुर है। हिंदी साहित्य के भारतेंदु युग के महत्वपूर्ण निबंधकार रहे बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में उन्होंने मिर्जापुर से ही 'आनंद कादंबिनी' नामक पत्रिका निकाली। हिंदी के प्रसार में ताजिंदगी जुटे रहे प्रेमघन में निबंध और प्रबंध काव्य की कई अनमोल रचनाएं दी हैं। हिंदी के आदि आलोचक रामचंद्र शुक्ल पर भी मिर्जापुरी माटी का कर्ज रहा। उनके पिता मिर्जापुर में तैनात थे, लिहाजा उनके शुरूआती जीवन का बड़ा हिस्सा यहीं गुजरा, प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा भी यहीं हुई और यहीं से उनकी रचनात्मकता के अंकुर फूटे। हिंदी की पहली कहानी कौन है, इस पर एक राय नहीं है। लेकिन जिन कहानियों को पहली कहानी की सूची में हिंदी के आलोचक शामिल करते हैं, उनमें से एक कहानी है, 'दुलाईवाली'। यह कहानी 1907 में प्रकाशित हुई थी। इस कहानी की ना सिर्फ रचनाभूमि मिर्जापुर है, बल्कि इसकी रचनाकार भी मिर्जापुर की ही वासी रहीं। राजेंद्र बाला घोष ने इस कहानी को लिखा था। जो बंग महिला के नाम से तब रचनारत थीं। इस कालजयी कहानी ने तब खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा रची गई छवि से इतर मिर्जापुर की अपनी अलग पहचान है। मिर्जापुर में ही मां विंध्यवासिनी देवी का स्थान है। महात्रिकोण पर उनका मंदिर है। महात्रिकोण की यात्रा के बिना विंध्यवासिनी देवी की परिक्रमा पूरी नहीं मानी जाती। पहले संकट मोचन मंदिर में मत्था नवाने की परंपरा है। फिर काली खोह की यात्रा होती है। इसके बाद अष्टभुजी मंदिर का दर्शन और आखिर में विंध्याचल देवी दर्शन से यह तीर्थ पूरा होता है। मान्यता है कि भगवान राम ने यहीं पर अपने पिता दशरथ का श्राद्ध किया था। जहां उन्होंने शिव लिंग की स्थापना की, जो वाराणसी शहर से दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इस मंदिर को रामेश्वर और इलाके को अब शिवपुर के नाम से जाना जाता है।

उत्तर प्रदेश के जिले मिर्जापुर की तहसील है चुनार। यहां का किला मशहूर है। जिसे गढ़ कुंडार के नाम से भी जाना जाता है। चुनार के किले की ही पृष्ठभूमि में चंद्रकांता के दस खंडों और चंद्रकांता संतति की रचना देवकीनंदन खत्री ने की है। यह रचना रहस्य व रोमांच से भरी है।

कभी मुंबइया मसाला फिल्मों के लिए एक खास फॉर्मूला होता था, जिसमें सौंदर्य होता था, सेक्स की छौंक होती थी और कुछ मारधाड़ के नजारे होते थे। आज के ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर सफलता के लिए कुछ उसी अंदाज में मसालेबाजी में व्यवसायिक सफलता की सीढ़ी तलाश रहे हैं। इसी चलन में मिर्जापुर सीरीज भी उभर कर सामने आई है। ओटीटी सीरीज मिर्जापुर में सिर्फ मिर्जापुर का नाम ही है, इसमें मिर्जापुर की ना तो आत्मा है और ना उसका स्थूल रूप। उसकी बुनियादी पहचान गायब है। ऐसे में मिर्जापुर निवासी क्षुब्ध ना हों तो ही आश्चर्य होगा। आजकल ओटीटी पर जिस तरह की सीरीज का निर्माण हो रहा है, उससे देश के किसी खास जिले, क्षेत्र की असल पहचान गायब होने का खतरा बढ़ गया है। देश में बहुत से क्षेत्र हैं, जिनकी असल पहचान ऐतिहासिक व सांस्कृतिक है, लेकिन ओटीटी सीरीज में काल्पनिक रूप से गढ़ी गई छवि के चलते उस क्षेत्रकी पहचान विकृत हो रही है, नई पीढ़ी या अनजान लोगों को लगेगा कि मिर्जापुर अपराध से भरे क्षेत्र है, सच ऐसा नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं




संकलित

## दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं




संकलित

## प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन

यूपी : दिल्ली तलब किए गए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, लौट कर बदले उनके स्वर




## आज की पाती

### रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता हो

वर्ष 1951-52 में जब पंचवर्षीय योजना को हरी झंडी दी गई थी, तब इस पर विनोबा भावे ने कहा था कि सरकार की सभी राष्ट्रीय योजनाओं का मकसद रोजगार बढ़ाना भी होना चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार की तीसरी पारी का आम बजट पेश होने वाला है। इस बार के बजट से भी आमजन को बहुत उम्मीदें हैं। वैसे तो आम बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद उन लोगों को होती है जिनको अपनी कमाई पर टैक्स की छूट मिलने की आस होती है, दूसरे जिनकी कमाई इतनी ही होती है कि घर का खर्चा मुश्किल होता है, उनको भी उम्मीद होती है कि रोजमर्रा की चीजों के दाम नीचे आने चाहिए। - **महेश काले**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### एकादशी की शुभकामनाएं

आषाढ़ी एकादशी की शुभकामनाएं। भगवान विट्ठल का आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे और हमें आनंद और समृद्धि से भरे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करें। यह अवसर हम सभी में भक्ति, विनम्रता और करुणा को भी प्रेरित करे। हमें गरीब लोगों की सेवा करने के लिए भी प्रेरित करे।



-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भुगतान कैसे हुआ

अयोध्या में जिस तरह विकास का पैसा छूमंतर हो गया वैसे ही बिजली के खंभों से लैम्प-लाइट सब कुछ गायब हो गया है। जनता पूछ रही है जब लाइट ही नहीं है तो लाइट के पोल के नाम से भुगतान कैसे हुआ।



-अखिलेश यादव, सपा नेता

### देखकर अच्छा लगता है

राहुल गांधी का हालिया प्रदर्शन असाधारण है और लोग उन्हें आशा के रूप में देख रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि जब वह कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे तो राहुल गांधी राहुल मेरे छात्रों में से एक थे। अब उन्हें इस तरह से राजनीति करते हुए देखकर अच्छा लगता है।



-डॉ. अमर्त्य सेन, नोबेल पुरस्कार विजेता

### दोस्ती हो गई

कंगना इज ए गुड फ्रेंड। बॉलीवुड में और कुछ हो न हो, लेकिन कंगना के साथ एक अच्छी दोस्ती जरूर हो गई, वो एक अच्छी चीज थी। मैं संसद में उनको ढूंढ रहा था। पिछले 2-3 साल से मैं बहुत बिजी था, मिल नहीं पाया इसलिए मिलना चाहता था।



-चिराग पासवान, लोजपा सांसद

## करंट अफेयर

# सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं कब और कैसे

सीबीएसई नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफ) के तहत साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर दुविधा में है । इस बाबत तीन विकल्पों पर चर्चा कर रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सेमेस्टर प्रणाली पर भी विचार कर रहा है जिसमें द्विवार्षिक परीक्षाएं शामिल हैं। वर्तमान में, कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती हैं। अधिकारियों ने बताया कि विचार-मंथन जारी है और अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है कि वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की योजना कब और किस प्रारूप में लागू की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया, तीन संभावित विकल्पों पर चर्चा की गई है,



जिनमें से एक सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा आयोजित करना है। इसमें पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी-फरवरी में और दूसरी मार्च-अप्रैल में आयोजित करना है या फिर कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षाओं के साथ जून में बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण आयोजित किया जाए। उन्होंने बताया, जिस तरह से हमारा शैक्षणिक कैलेंडर बनाया गया है, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं का कार्यक्रम और सीबीएसई स्कूल देश भर में और विदेश तक में होने के चलते भौगोलिक चुनौतियां हैं जिससे सेमेस्टर प्रणाली कम व्यवहार्य लगती है।"

## ऑफ बीट

# 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा

2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### पीएम मोदी से मिले यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कई मुद्दों पर घंटे भर चला मंथन

# उत्तरप्रदेश: योगी कैबिनेट और पार्टी संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी में दिखी भाजपा

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश को लेकर भाजपा नेतृत्व ने हाई लेवल मंथन शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को करीब एक घंटे तक यूपी भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से तमाम मुद्दों पर चर्चा की। मंगलवार रात को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भूपेंद्र चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से अलग-अलग विचार विमर्श किया था। रविवार को लखनऊ में हुई प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद से उत्तर प्रदेश को लेकर पार्टी के भीतर सरगर्मियां तेज हो गईं हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनाव के बाद योगी कैबिनेट और संगठन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में लगे तगड़े झटके के बाद लखनऊ से लेकर दिल्ली तक भाजपा के भीतर बेचैनी है। सूबे में पार्टी को उम्मीद के अनुसार सीटें नहीं मिलने से भाजपा बहुमत के आंकड़े से 32 सीटें पीछे रह गई। भाजपा के दिग्गज नेताओं से लेकर चुनावी पंडितों तक किसी को अंदेशा नहीं था कि भाजपा लोकसभा चुनाव के नतीजों में सपा -कांग्रेस गठबंधन से भी पिछड़ जाएगी।





#### भूपेंद्र को हटा का फैसला ले सकता है पार्टी नेतृत्व

सूत्रों का कहना है कि यूपी भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की जगह किसी तेजतर्रार नेता को संगठन की कमान सौंपी जा सकती है। प्रदेश में जिस प्रकार से संविधान बचाओं के नारे के बाद दलित और कई पिछड़ी जातियों का झुकाव सपा और कांग्रेस की तरफ हुआ है उसे देखते हुए कयास लगाये जा रहे हैं कि जाट वर्ग के भूपेंद्र चौधरी को हटाकर अन्य पिछड़े वर्ग से या दलित समुदाय के नेता को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। कहा जा रहा है कि चौधरी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कोई प्रभाव छोड़ने में विफल रहे हैं। देखना यह है कि उपचुनाव के बाद चौधरी की विदाई होती है या उन्हें थोड़ा और वक्त दिया जाएगा।

#### असफल मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी

भाजपा हाईकमान योगी कैबिनेट के उन मंत्रियों की भी लिस्ट तैयार करवा रहा है जो अपने मंत्रालय में कुछ खास नहीं कर पाये हैं या कहें कि असफल रहे हैं। पार्टी के बहुत से विधायक अपने क्षेत्र के काम नहीं होने के चलते नाराज हैं। पुलिस प्रशासन को लेकर कई विधायक तो सार्वजनिक तौर पर गुस्सा जता चुके हैं। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी एक बड़ा मसला है। माना जा रहा है कि जल्द ही योगी सरकार की कैबिनेट में बदलाव देखने को मिल सकता है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 में होना है। भाजपा हाईकमान अब ऐसी कोई अनदेखी करने के मूड में नहीं है जिससे विधानसभा चुनाव मे जीत मुश्किल हो जाए या फिर हार का सामना करना पड़े। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव नतीजों को लेकर यूपी की समीक्षा के लिए पार्टी हाईकमान फीडबैक ले रहा है।

**मोदी से जल्द मुलाकात कर सकते हैं योगी:** जल्द ही मुख्यमंत्री योगी भी मोदी और पार्टी अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात के लिए दिल्ली आ सकते हैं। फिलहाल पार्टी की चिंता यह भी है कि प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं और जीत हासिल करना आसान नहीं दिख रहा है। विभिन्न राज्यों में हुए 12 सीटों के उपचुनाव में भाजपा सिर्फ दो ही सीट जीत पाई थी।

**अखिलेश के वार पर मौर्य पलटवार:** इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखी एक पोस्ट में कहा 'भाजपा की कुर्सी की लड़ाई की गर्मी में, उप्र में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है, इसीलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है। जनता के बारे में सोचनेवाला भाजपा में कोई नहीं है।'सपा प्रमुख की इस पोस्ट पर पलटवार करते हुए केशव मौर्य ने टिप्पणी की 'सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव जी,भाजपा की देश और प्रदेश दोनों जगह मजबूत संगठन और सरकार है, सपा का पीडीए धोखा है।

#### पीएम मोदी से मिले अमित शाह, यूपी पर हुई गंभीर मंत्रणा

### यूपी भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने पीएम के बाद शाह से भी की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के बीच बुधवार को लंबी मुलाकात हुई। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच उत्तर प्रदेश की सियासत पर चर्चा हुई। दिन में उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पीएम मोदी से भेंट की थी।

सूत्रों के अनुसार इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी को लोकसभा चुनाव में पार्टी को कई सीटों पर मिली हार के कारणों पर अपना फीडबैक दिया था। साथ ही चौधरी ने सरकार के कामकाज और संगठन को लेकर भी पीएम को अपनी राय से अवगत कराया। इसके बाद पीएम से अमित शाह मिलने पहुंचे। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और पार्टी संगठन को लेकर गंभीर मंत्रणा हुई। भूपेंद्र चौधरी शाम को अमित शाह से भी मिले। चर्चा रही कि चौधरी ने यूपी लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे से इंकार किया। बावजूद इसके माना यही जा रहा है कि चौधरी की विदाई प्रदेश अध्यक्ष पद से कभी भी हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि यूपी में दस विधानसभा सीटों पर जल्द होने वाले उपचुनाव से पहले पार्टी हाईकमान कोई बड़ा फैसला ले सकता है।

### पूजा खेडकर पर बरसे एलबीएसएनएए के पूर्व प्रमुख

# बर्खास्तगी से काम नहीं चलेगा इनसे वेतन भी वसूला जाए

### धोखाधड़ी में शामिल सभी लोगों को कानून के अनुसार सजा जरूर दी जानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के मामले में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा का कहना है कि जो लोग फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाणपत्रों का फायदा उठाकर प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होते हैं, उन्हें सिर्फ बर्खास्त करने से काम नहीं चलेगा। चोपड़ा ने जोर दिया कि ऐसे लोगों से प्रशिक्षण लागत और वेतन भी वसूला



जाना चाहिए। उन्हें सजा मिलनी चाहिए ताकि सभी अधिकारियों को एक स्पष्ट संकेत मिल सके। जो भी इस प्रक्रिया में उनकी मदद करता है, उसकी जांच की जानी चाहिए। धोखाधड़ी में शामिल सभी लोगों को कानून के अनुसार दंड दिया जाना चाहिए।

#### विवाद क्या है?

2023 बैच की आईएएस अधिकारी पर पुणे में प्रशिक्षण के दौरान अपने अधिकारों के दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। पूजा ने अपनी नियुक्ति के बाद ही तरह-तरह की सुविधाएं मांगनी शुरू कर दीं, जो प्रशिक्षु अधिकारियों को नहीं मिलती हैं। इतना ही नहीं पूजा ने अपनी निजी ऑडी कर पर लाल-नीली बत्ती लगा दी।

### महाराष्ट्र में आई 'लाडला भाई' योजना

**मुंबई (एजेंसी)।** आषाढ़ी एकादशी के मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लाडली बहना योजना की तर्ज पर अब लड़कों के लिए एक खास योजना की घोषणा की। इस योजना का नाम लाडला भाई योजना रखा गया है, इस योजना के जरिए बेरोजगारी को कम किया जा सकेगा। इस योजना के तहत युवाओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी और इसके साथ ही साथ नौकरी के अवसर भी दिए जाएंगे।

शिंदे ने घोषणा के दौरान बताया कि इस योजना के तहत 12वीं क्लास के छात्रों से लेकर ग्रेजुएट युवाओं तक को लाभ मिलेगा। इस योजना में 12वीं पास करने वाले युवाओं को 6 हजार रुपए, डिप्लोमा करने वाले युवाओं को 8 हजार रुपए, ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे।

LiFE Lifestyle for Environment

## हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

सी-11, सेक्टर-6, पंचकूला
फोन : 0172-577870-73, फैक्स नं. : 2581201
ई-मेल : hspcbcoordination@gmail.com
वेबसाइट : hspcb.gov.in

### सार्वजनिक सुनवाई हेतु सूचना

यह सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु है कि मै. श्री श्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड, भिवानी, भिवानी हरियाणा में भिवानी क्लस्टर (बवानी खेड़ा, भिवानी, चरखी दादरी और लोहारु) हेतु एकीकृत म्यूनिसिपल ठोस कचरा प्रबंधन प्रोजैक्ट प्रस्तावित कर चुका है और पर्यावरणीय अनापत्ति प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक सुनवाई आयोजित करने जा रहा है।

उपरोक्त प्रोजैक्ट प्रस्तावक प्रस्तावित प्रोजैक्ट हेतु ईआईए अधिसूचना दिनांक 14 सितम्बर 2006 के अनुरूप पर्यावरणीय अनापत्ति प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई आयोजित करने हेतु हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आवेदन कर चुके हैं। तदनुसार, उपरोक्त प्रोजैक्ट के लिए सार्वजनिक सुनवाई स्थल पर 22.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे निर्धारित की गई है।

प्रोजैक्ट रिपोर्ट की कार्यकारिणी सारांश और प्रोजैक्ट प्रस्तावक द्वारा जमा करवाई गई, ईआईए अध्ययन रिपोर्ट की प्रतियां बोर्ड के मुख्यालय में और बोर्ड की वेबसाइट पर अर्थात https://hspcb.org.in/ के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यालयों में उपलब्ध हैं, जो किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय के दौरान ध्यानपूर्वक देखे जा सकते हैं :-

1. उपायुक्त, भिवानी
2. अध्यक्ष, जिला परिषद्, जिला भिवानी
3. कार्यकारी अभियंता, नगर परिषद, भिवानी
4. संयुक्त निदेशक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला भिवानी
5. क्षेत्रीय कार्यालय, भिवानी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एससीएफ-32, सेक्टर-13, हुडा, भिवानी

सभी सम्बन्धितों को एतद् द्वारा इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अध्यक्ष, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सी-11, सेक्टर-6, पंचकूला के साथ-साथ क्षेत्रीय अधिकारी, भिवानी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एससीएफ-32, सेक्टर-13, हुडा, भिवानी के पास उपरोक्त प्रस्तावित प्रोजैक्ट पर अपने सुझाव, विचार, टिप्पणियां और आपत्तियां, यदि कोई हो, दर्ज कराने के लिये सूचित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, एक सार्वजनिक सुनवाई का भी आयोजन प्रोजैक्ट के प्रस्तावित स्थल पर उपरोक्त अनुसार तिथि, समय व स्थान पर किया जाएगा, जिसमें प्रभावित होने की संभावना वाले स्थल/विस्थापन के स्थलों / प्रोजैक्ट स्थल पर स्थित पर्यावरणीय समूहों, मूल निवासियों और अन्य समेत कोई भी व्यक्ति उपस्थित हो सकता है। मौखिक/लिखित सूझाव, यदि कोई हो, भी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान दिये जा सकते हैं।

सार्वजनिक सुनवाई में उपस्थित होने के लिये कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।

प्रदीप कुमार, आईएएस
सदस्य सचिव

पीआरडीएच-1209/11/147/2025/27906/सी/88/6 दि. 17.07.24

### शिवाजी का वाघ नख लंदन से मुंबई आया

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के पौराणिक हथियार 'वाघ नख' को लंदन से मुंबई लाया गया है। राज्य के संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा इस्तेमाल किया गया 'वाघ नख' या बाघ के पंजे के आकार का हथियार बुधवार को लंदन के एक म्यूजियम से मुंबई लाया गया। इस 'वाघ नख' को अब सतारा ले जाया जाएगा। पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा में इसे 19 जुलाई से प्रदर्शनी के लिए रखा जाएगा। मंत्री मुनगंटीवार ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 'वाघ नख' मुंबई आ चुका है, लेकिन उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के उत्पाद शुल्क मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि 'वाघ नख' का सतारा में भव्य स्वागत किया जाएगा।

### तेलंगाना: आवारा कुत्ते के हमले में 18 माह के बच्चे की मौत

**हैदराबाद (भाषा)।** तेलंगाना में दो अलग-अलग घटनाओं में आवारा कुत्तों के काटने से 18 महीने के एक बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य लड़का घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बच्चे की मौत पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि मंगलवार की रात बच्चा अपने घर से बाहर निकला था और एक कुत्ता उसे कुछ दूर तक घसीट कर ले गया। बाद में कुछ आवारा कुत्ते उस पर झपट पड़े और उसे बुरी तरह नोंचा तथा काटा जिससे वह घायल हो गया। जवाहर नगर थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्चे को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया और वहां से उसे सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां देर रात को उसने दम तोड़ दिया।

### जगन्नाथ के स्वर्ण भेष के लिए बढ़ी सुरक्षा

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के 'स्वर्ण भेष' आयोजन से पहले सुरक्षा के कड़े बंदोबस्द किए गए हैं। बुधवार शाम से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में तीनों देवी-देवताओं की मूर्तियों को सोने से बने कपड़े पहनाकर इन्हें रथों पर विराजमान कराया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। करीब 15 लाख लोगों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि शहर में करीब 5,700 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। तीनों रथों को 12वीं सदी के मंदिर के 'सिंहद्वार' के सामने खड़ा किया गया है और करीब 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों से सजी देवताओं की मूर्तियां इन पर विराजमान कराई जाएंगी। श्रद्धालु शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक स्वर्ण पोशाक में सजे देवी-देवताओं के दर्शन कर सकेंगे।

## औषधि विनियमन में भारत को विश्व स्तरीय नियामक ढांचे की जरूरत: नड्डा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने बुधवार को कहा कि औषधि विनियमन में वैश्विक अग्रणी देश बनने के लिए भारत को विश्व स्तरीय नियामक ढांचे की आवश्यकता है। नड्डा ने कहा कि भारत को 'विश्व की फार्मेसी' की अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा के अनुरूप औषधि विनियमन में वैश्विक अग्रणी देश बनने के लिए अपने परिचालन के पैमाने और अंतरराष्ट्रीय अपेक्षाओं के अनुरूप विश्व स्तरीय नियामक ढांचे की जरूरत है। नड्डा ने यहां औषधियों, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन की समीक्षा बैठक में दवाओं के अग्रणी उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की वैश्विक स्थिति को रेखांकित किया। उन्होंने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा अपने कार्यादेश के तहत वैश्विक मानकों को प्राप्त करने की समयसीमा के साथ एक रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दवाओं के निर्यात के लिए उचित प्रणाली तैयार की जानी चाहिए, ताकि निर्यात की जा रही औषधियों की गुणवत्ता बनाये रखी जा सके। नड्डा ने सीडीएससीओ के कामकाज में पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि औषधि विनियामक निकाय तथा उद्योग दोनों को पारदर्शिता के उच्चतम सिद्धांतों पर काम करना चाहिए।



### सांसदों के सहायकों को लोकसभा सचिवालय दे रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** लोकसभा में पहली बार चुनकर पहुंचे सांसदों के सचिवों के लिए संसदीय सचिवालय ने एक वृहत प्रशिक्षण का इंतजाम किया है। सांसदों के सभी पीए, पीएस के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य बनाया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के ईमेल से सवाल भेजे जाने और कैश फॉर क्वेरी मामले में सांसदों का ईमेल सुरक्षा के लिहाज से घेरे में आने के बाद इस बार ऐसा तानाबाना बुना गया है कि कहीं से कोई भी सांसदों की ईमेल का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। केवल, सांसदों के सहायक या फिर सांसद खुद ईमेल को ऑपरेट कर सकेंगे। सोमवार से शुरू 5 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को होगा। उसी के बाद संसद में पूछे जाने वाले सवाल, विशेष उल्लेख या शून्यकाल के मामले सहित अन्य विधायी कार्यों के लिए सांसदों के ईमेल का इस्तेमाल किया जा सकेगा। आमतौर पर सांसदों के सहायक ही संसद के लिए उपयोग होने वाले विभिन्न ऑनलाइन विधा का इस्तेमाल कर सांसदों की सहायता करते हैं। सैकड़ों सांसद ऐसे भी हैं जो ईमेल सिस्टम से फ्रेंडली नहीं है।

■ अनुभवी सहायकों के लिए भी प्रशिक्षण अनिवार्य

## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)

### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| SR. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Tender Value in ₹ | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of Welcome Gate in MC Uchana Near Kheri Mashania Road, Uchana. | 16-Jul-2024 09:00 AM & 22-Jul-2024 05:00 PM & 23-Jul-2024 10:00 AM | 19,49,078 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_390394_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of Boundary Wall and Paver Blook Pavement Govt. Model Sanskriti Senior Secondary School, Uchana in Ward No. 13 MC Uchana. | 16-Jul-2024 09:00 AM & 22-Jul-2024 05:00 PM & 23-Jul-2024 10:00 AM | 21,17,090 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_390400_1 |
| 3 | Municipal Committee Uchana | Const. of Playground in Govt. Primary Schools Near Railway Fatak, in Ward No. 13 in MC Uchana | 16-Jul-2024 09:00 AM & 22-Jul-2024 05:00 PM & 23-Jul-2024 10:00 AM | 21,17,868 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_390401_1 |

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana

#### रेलवे की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# सात वर्षों में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' से बचाए 84119 बच्चे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गत सात साल में रेलवे स्टेशन और रेलगाड़ियों से 84,119 बच्चों को गलत हाथों में जाने से बचाया है। रेल मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि आरपीएफ पिछले सात साल से 'नन्हे फरिश्ते' नाम से चलाये जा रहे अभियान में अग्रणी रहा है। यह मिशन विभिन्न भारतीय रेलवे जोन में देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों के लिए है।

मंत्रालय ने बताया कि 2018 में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' की शुरुआत हुई। इस वर्ष, आरपीएफ ने कुल 17,112 पीड़ित बच्चों को बचाया, जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं। बचाए गए 17,112 बच्चों में से 13,187 बच्चों की पहचान भागे हुए बच्चों के रूप में की गई जबकि 2105 लापता पाए गए, 1091 बच्चे बिछड़े हुए, 400 बच्चे निराश्रित, 87 अपहृत, 78 मानसिक रूप से कमजोर और 131 बच्चे बेघर पाए गए।" विज्ञप्ति के मुताबिक, 2018 में इस तरह की पहल की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हुए अभियान के लिए एक मजबूत नींव रखी गई।

### कोविड के दौरान 5,011 मासूमों को बचाया

मंत्रालय ने वर्षवार आंकड़े देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में कुल 15,932 बच्चों को बचाया गया जिनमें से 12,708 भागे हुए, 1454 लापता, 1036 बिछड़े हुए, 350 निराश्रित, 56 अपहृत, 123 मानसिक रूप से कमजोर और 171 बेघर बच्चे थे। 2020 कोविड महामारी के कारण चुनौतीपूर्ण था और अभियानों पर गहरा प्रभाव डाला। इन चुनौतियों के बावजूद आरपीएफ ने 5,011 बच्चों को बचाया। 2021 के दौरान 11,907 बच्चों को बचाया गया जिनमें से 9601 बच्चों की पहचान घरों से भागे हुए बच्चों के रूप में, 961 लापता के रूप में, 648 बिछड़े हुए, 370 निराश्रित, 78 अपहृत, 82 मानसिक रूप से कमजोर और 123 की पहचान बेघर बच्चों के रूप में हुई। 2022 में बल ने 17,756 बच्चों को बचाया। इनमें से 14,603 भागे हुए, 1156 लापता, 1035 बिछड़े हुए, 384 निराश्रित, 161 अपहृत, 86 मानसिक रूप से कमजोर और 212 बेघर बच्चे थे। इस पहल को रेलवे जोनों में अधिक समन्वित अभियानों तथा बढ़ती जागरूकता के कारण और अधिक सहयोग मिला। 2023 में आरपीएफ ने 11,794 बच्चों को बचाया जिनमें से 8916 बच्चे घर से भागे हुए थे। वहीं 986 की पहचान लापता के तौर पर, 1055 की बिछड़े हुए, 236 की निराश्रित, 156 की अपहृत, 112 मानसिक रूप से कमजोर और 237 की बेघर के तौर पहचान की गई। 2024 के शुरुआती पांच महीनों में 4,607 बच्चों को बचाया है जिनमे से 3430 की पहचान घर से भागे हुए बच्चों के तौर पर की गई है। यह संख्या बच्चों के भागने की लगातार जारी समस्या तथा उन्हें अपने माता-पिता के पास सुरक्षित पहुंचाने के लिए आरपीएफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों दोनों को दर्शाती हैं। 'ट्रैक चाइल्ड पोर्टल' पर बचाए बच्चों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहती है। 135 से अधिक रेलवे स्टेशन पर 'चाइल्ड हेल्पडेस्क' उपलब्ध हैं।




135 से अधिक रेलवे स्टेशन पर 'चाइल्ड हेल्पडेस्क' उपलब्ध

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | शामसी पुर (कच्ची फिरनी) 5.21838.14 गांव शामसीपुर ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में भजन सिंह के मकान से शमशान घाट तक फिरनी का निर्माण + 5 कार्य। | 15.07.2024 30.07.2024 | 58.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव संदल कलां निवादा, ब्लॉक सोनीपत में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 12 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 78.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज झज्जर | 67.16 - गांव डाबोदा खुर्द, ब्लॉक बहादुरगढ़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 15.07.2024 22.07.2024 | 164.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नकलोई, ब्लॉक खरखौदा में पीसीवी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 12.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव गढवाल में बिरस्थॉ पाना चौपाल का निर्माण (वीएजीवाई) + 21 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.07.2024 | 250.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में सीएम घोषणा सं. 27377 दि. 12.04.2023 के तहत आरडी 0 से 0.65 कि.मी., आरडी 0.684 से 2.30 कि.मी., आरडी 2.355 से 2.60 कि.मी. तक एच.एल. ब्रिज से बाघपुर कलां (आईडी 3613) पर 30 मिमी बीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 40.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 7 | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान एचआईपीए प्लॉट नं. 76, सेक्टर-18, गुरुग्राम | स्टेशनरी और अन्य मदें। | 11.07.2024 02.08.2024 | 40000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9999330686 rekhad@hipa.in |
| 8 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | कुरुक्षेत्र जिले में गांव ठोल में प्रस्तावित एक स्टेडियम का निर्माण (आंतरिक और सम्पदा ईआई का प्रावधान केवल) और 01 अन्य। | 17.07.2024 23.07.2024 | 16.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 9 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | दस वर्ष हेतु एएमसी सहित नवीनतम बीएस-VI एमिशन नॉर्म्स पूरा करने वाली 18 अदद पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन सुपर लग्जरी एसी बसों की खरीद। | 11.07.2024 05.08.2024 | 29 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पिपली खेड़ा, ब्लॉक मुरथल, जीपी में सुलेमान के मकान से रणधीर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 16.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज रोहतक | अजायब - एचजीवीवाई स्कीम 2024-25 के तहत गांव अजायब में स्टेडियम में चारदिवारी और गेट तथा शैड का निर्माण + 17 कार्य। | 15.07.2024 30.07.2024 | 427.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | कम्प्यूटराइज्ड ऑडियो-विजुअल पैसेंजर इंफॉरमेशन (पीआईएस) के विकास, स्थापना और रखरखाव हेतु एजेंसी/फर्म को किराये पर लेना। | 18.07.2024 12.08.2024 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा, पंचकूला | नॉन बायोवेस्ट मैनेजमेंट (सामान्य कचरा)। | 19.07.2024 03.08.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा पलवल | वर्ष 2024-25 हेतु आईएचडीसी, होडल (पलवल) में विभिन्न संरक्षित संरचनाओं (एनवीपीएच, आईएनएच, वॉकिंग टनल्स) हेतु एल्यूमीनेट थर्मल नेट की आपूर्ति व स्थापना। | 18.07.2024 05.08.2024 | 16251/- | https://etenders.hry.nic.in | 8816915260 ihdchodal@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | 4732 - गांव लालावास, ब्लॉक कैरू में शिव धाम को पूरा करना + 18 कार्य। | 12.07.2024 19.07.2024 | 166.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/300/27920/I/88/6 दि. 17.07.24




## खबर संक्षेप



### बिहारः मुहर्रम जुलूस में करंट से 14 लोग झुलसे

**अररिया (भाषा)।** बिहार के अररिया जिले में बुधवार को मुहर्रम जुलूस के दौरान बिजली की हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से करीब 14 लोग झुलस गए। अररिया पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार कि दुर्घटना उस समय हुई जब मुहर्रम जुलूस पिपरा बिजवाड़ा इलाके में एक खुले मैदान से गुजर रहा था कि तभी ताजिया का एक हिस्सा बिजली की हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया।

### कासगंज पहुंचे स्वयंभू बाबा हरि नारायण

**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ की घटना के बाद सुर्खियों में आये स्वयंभू बाबा सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा बुधवार को कासगंज के पटियाली स्थित अपने आश्रम पहुंचे। भोले बाबा के वकील ए.पी. सिंह ने कहा कि वह (भोले बाबा) आश्रम पहुंच गए हैं और यहीं रहेंगे। वह यहां आश्रम से ही आए हैं।

### तमिलनाडु में वैन ने श्रद्धालुओं को कुचला

**तंजावुर (भाषा)।** तमिलनाडु के तंजावुर जिले में बुधवार की सुबह तंजावुर-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने चार महिलाओं समेत पांच श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में एक अन्य महिला घायल हो गई। पुडुकोट्टई के रहने वाले श्रद्धालु सड़क मार्ग से पदयात्रा करते हुए समयपुरम मरिअम्मां मंदिर जा रहे थे कि यहां से 30 किमी दूर वलंबकुडी के पास तिरुचि जा रही वैन ने कुचल दिया।

### समुद्री अनुसंधान पोत बनाएगा जीआरएसई

**कोलकाता (भाषा)।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने एक महासागर अनुसंधान पोत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### आतंकी हमले के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में एकजुट हुए लोग

# सैन्यकर्मियों-आम नागरिकों के मारे जाने के खिलाफ प्रदर्शन

भाषा ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक मुठभेड़ में चार सैन्यकर्मियों के शहीद होने के बाद बुधवार को जम्मू के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए और प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कड़ी कार्रवाई का अनुरोध करते हुए सभी आतंकवादियों के पूरी तरह खात्मा करने के लिए अभियान चलाने की मांग की। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रमुख राकेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में सैन्यकर्मियों एवं आम नागरिकों के मारे जाने तथा आतंकवाद को पाकिस्तान के कथित समर्थन के खिलाफ रैली निकाली। उन्होंने पुतले फूंके और पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए।

कुमार ने यहां पत्रकारों से कहा कि हम इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। सरकार को सैन्यकर्मियों और नागरिकों को निशाना बनाने वाले विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए 'ऑपरेशन ऑल आउट' शुरू करना चाहिए। सांबा में कांग्रेस और राजौरी जिले में युवा कांग्रेस इकाइयों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किए और सरकार से निर्णायक आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने तथा स्थानीय आबादी के बीच विश्वास बहाल करने का आग्रह किया।

डोडाः शिवसेना पाक पर भड़की



जयपुरः शहीद को नमन



### पाकिस्तान के पुतले फूंकें, 'ऑपरेशन ऑल आउट' का आह्वान

उन्होंने घाटी में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए आश्वासन की भी मांग की। डोडा और भद्रवाह में भी व्यापारियों और नागरिक समाज के सदस्यों ने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन किए, पाकिस्तान के पुतले फूंके और आतंकवाद के खिलाफ 'ऑपरेशन ऑल आउट' का आह्वान किया। उन्होंने जम्मू की पहाड़ियों में दूरदराज के गांवों की सुरक्षा के लिए ग्राम रक्षा समूहों को आधुनिक हथियारों से लैस करने की भी वकालत की। एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने डोडा आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में शामिल 'ओवर ग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### तीन सप्ताह में तीसरी बड़ी आतंकी वारदात

सोमवार शाम को शुरू हुई मुठभेड़ पिछले तीन सप्ताह में डोडा के जंगलों में सुरक्षा बलों व आतंकियों के बीच तीसरी बड़ी मुठभेड़ थी। मुठभेड़ में कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बृजेंद्र और सिपाही अजय शहीद हो गए।



### महाराजा चार्ल्स तृतीय ने ली संयुक्त बैठक

# ब्रिटेन की नई लेबर सरकार धन सृजन पर ध्यान केंद्रित करेगी

एजेंसी ▶▶ लंदन

- 14 साल में पहली बार वाम झुकाव वाली सरकार आई
- चार जुलाई को हुए चुनाव में लेबर पार्टी को जीत मिली

ब्रिटेन की मध्यमार्ग की ओर झुकी नयी वामपंथी पार्टी की सरकार का कहना है कि वह धन सृजन पर ध्यान केंद्रित करके देश को जीवनयापन की लागत के संकट से उबरने में मदद करेगी।

लेबर सरकार द्वारा लिखे भाषण में कहा गया है कि पार्टी और आवास तथा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निर्माण करेगी, श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करेगी और नई औद्योगिक रणनीति बनाएगी। यह भाषण संसद में महाराजा चार्ल्स तृतीय ने पढ़ा था। चार्ल्स ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ''ब्रिटेन के सभी क्षेत्रों में जीवन स्तर में वृद्धि देखना है। लेबर पार्टी ने चार जुलाई को ब्रिटेन में हुए चुनाव में भारी जीत हासिल करते हुए 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया। ब्रिटेन में बढ़ रही महंगाई पर काबू पाना बड़ा लक्ष्य होगा।


## अनिश्चितकाल के लिए ढाका विश्वविद्यालय बंद




- सरकारी नौकरियों में आरक्षण के प्रावधान में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन

**ढाका (एपी)।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के प्रावधान में सुधार की मांग को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों में कम से कम छह लोगों के मारे जाने के बाद ढाका विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने संस्थान को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की बुधवार को घोषणा की। अधिकारियों ने छात्रों को शाम छह बजे तक छात्रावास खाली करने के निर्देश दिए हैं। समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने प्रति-कुलपति (अकादमिक) प्रोफेसर सीतेश सी बाचर के हवाले से बताया कि यह निर्णय कुलपति एएसएम मकसूद कमाल के कार्यालय में एक आपात बैठक में लिया गया। बाचर ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमने विश्वविद्यालय को अनिश्चित काल के लिए बंद करने और हॉल खाली कराने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय के छात्र इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और वे कुलपति के आवास पर एकत्र हो गए। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में प्रदर्शन हो रहे।

## डूबा जहाज, तेरह भारतीय समेत 16 क्रू मेंबर्स लापता



- सभी को खोजने के लिए बचाव अभियान शुरू
- जहाज पर कोमोरोज का झंडा लगा हुआ था

**नई दिल्ली (भाषा)।** ओमान तट के पास डूबे, कोमोरोस के ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर 13 भारतीय सवार हैं और खाड़ी देश में भारतीय दूतावास संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहाज 'एमटी फाल्कन प्रेस्टीज' ने 14 जुलाई को रात लगभग 10 बजे ओमान तट के पास संकट की सूचना भेजी थी। सूत्रों ने बताया कि व्यापारिक जहाज पर चालक दल के 16 लोग हैं, जिनमें से 13 भारतीय नाविक हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि जहाज डूब गया है। सूत्र ने कहा कि ओमान में हमारा दूतावास ओमान के अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए हुए है। नाविकों के लिए ओमान समुद्री सुरक्षा केंद्र (ओएमएससी) द्वारा समन्वित खोज और बचाव अभियान जारी है।" सूत्र ने बताया, कि भारतीय नौसेना भी खोज एवं बचाव अभियान से जुड़ गई है।

## जयशंकर ने की मॉरीशस के शीर्ष नेताओं से चर्चा



- भारतीय सहायता से मॉरीशस में निर्मित आधुनिक चिकित्सा संस्थान का हुआ उद्घाटन

**पोर्ट लुई (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने कहा था, "यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और गहराई को रेखांकित करता है। यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। जयशंकर ने भारत की वित्तीय सहायता से यहां निर्मित एक आधुनिक चिकित्सा संस्थान का बुधवार को उद्घाटन करते हुए इसे दोनों देशों की मित्रता की नवीनतम अभिव्यक्ति करार दिया। ग्रैंड बोई में चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करते हुए जयशंकर ने इसे दोनों देशों के बीच मित्रता की नवीनतम अभिव्यक्ति करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे इलाके के 16,000 लोगों को लाभ होगा।

## रूस ने संरा की बैठक ली यूएस ने 'पाखंड' बताया

**संयुक्त राष्ट्र (एपी)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को ''हथियार का डर दिखा कर'' अपने पाले में रखने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का ''पाखंड'' करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था 'अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग। रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा'घोर उल्लंघन' और उसके द्वारा 'बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास' से विचलित नहीं होना चाहिए।



### मौसम विभाग ने नौ राज्यों में जारी किया अलर्ट

# उप्र के 16 जिलों में बाढ़

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम/लखनऊ

नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में बाढ़ के हालात लगातार बने हुए हैं। उधर, केरल में भी भारी बारिश जारी। 24 घंटे में छह लोगों की जान गई। यहां तीन नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। राप्ती नदी, बूढ़ी राप्ती और क्यूनो नदी के उफान पर होने के कारण गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर और गोंडा में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 9 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कर्नाटक में मंगलवार को तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में 4 लोगों की मौत हो गई। उधर, बिहार में भी बेतिया, बगहा, सीतामढ़ी, मधेपुरा, अररिया समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

यूपीः गोरखपुर में भारी बारिश के बाद हाल



### आगे मौसम का यह अनुमान

गोवा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में 18 जुलाई को तेज बारिश हो सकती है।

### केरल में भारी बारिश जारी

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि केरल में अगले पांच दिनों तक मेघगर्जन, बिजली चमकने के साथ मध्यम से भारी दर्जे की बारिश होगी। विभाग ने इसके साथ ही एक जिले के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। उत्तरी केरल तट से गुजरात तक कम दबाव का क्षेत्र बनने और दक्षिणी राज्य के तट पर तेज पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने के कारण आने वाले दिनों तक मध्यम से भारी बारिश की उम्मीद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25